e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 325
शुक्रवार
01.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं, जो समाज के हित में ना हो !

## क्विक न्यूज

### टनल से बाहर आए मजदूरों को एयर लिफ्ट कर 1 दिसंबर को लाया जाएगा रांची

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर एक दिसंबर को टनल से बाहर आए 15 मजदूर और उनसे मिलने गए 12 परिजनों को इंडिगो एयरलाइंस से वापस लाया जाएगा। मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जैप आईटी सीईओ भुवनेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।वे उत्तराखंड से दिल्ली पहुंचेंगे और कल दिल्ली से रांची लेकर आएंगे। निर्देशानुसार 1 दिसंबर को इंडिगो की फ्लाइट से सभी व्यक्तियों को शाम 8 बजे रांची लाया जाएगा। बता दें कि टनल हादसे के तुरंत बाद ही राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम घटनास्थल पर भेजी थी।

### 20 लाख रुपये की मांगी रंगदारी, पीड़ित ने की सुरक्षा की मांग

**धनबाद :** भूली सी ब्लॉक निवासी (शराब दुकान में काम करने वाले) नीरज सिन्हा के मोबाइल पर मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे 995577225901 नंबर से मेजर के नाम से व्हाट्सएप मैसेज भेजा गया था, जिसमें 20 लाख रूपए की रंगदारी की मांग थी। नीरज सिन्हा ने मैसेज देखा, जिसके बाद धमकी के साथ 20 लाख रंगदारी का मैसेज पढ़कर नीरज सिन्हा सहित उनका पूरा परिवार सदमे में है। नीरज सिन्हा शराब दुकान में सेल्समैन का काम करते हैं। मामले को लेकर नीरज सिन्हा ने भुली ओपी पुलिस को लिखित रूप से सूचना दी और जान-माल की सुरक्षा की मांग की।वहीं दुबारा मेजर के नाम से पीड़ित नीरज सिन्हा को गुरुवार की सुबह फिर से मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज भेजा गया, जिसमें बुरे अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। उसके बाद पूरा परिवार सदमे में है और परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 20 को

**रांची :** हाई कोर्ट में गुरुवार को बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 दिसम्बर निर्धारित की है।ईडी कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है। मामले को लेकर ईडी ने छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है।

### नौसेना के तीन जहाज माहे, मालवन और मंगरोल एक साथ कोच्चि में लांच

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे 8 एक्स एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट (सीएसएल) परियोजना के प्रथम तीन जहाजों माहे, मालवन और मंगरोल गुरुवार को एक साथ कोच्चि में लांच किये गए। समुद्री परंपरा को ध्यान में रखते हुए तीनों जहाजों को नौसेना के अधिकारियों की पत्नियों ने अथर्ववेद के मंगलाचरण के साथ लांच किया। इन शैलो वॉटर क्राफ्ट्स के नाम भारत के तट से सटे रणनीतिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं और ये अपने हमनाम पूर्ववर्ती युद्धपोतों की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में शैलो वॉटर क्राफ्ट माहे को आईएनए के कमांडेंट वाइस एडमिरल पुनीत बहल की पत्नी अंजलि बहल ने, मालवन को सी-इन-सी वाइस एडमिरल सूरज बेरी की पत्नी कंगना बेरी ने और मंगरोल को नौसेना उप-प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह की पत्नी ज़रीन लॉर्ड सिंह ने लांच किया। जहाजों को अथर्ववेद के मंगलाचरण के साथ लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के बीच आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाजों के निर्माण के अनुबंध पर 30 अप्रैल, 19 को हस्ताक्षर किए गए थे। माहे श्रेणी के जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवॉटर सेंसर से लैस किया जाएगा।

### रांची का तापमान

अधिकतम 25°
न्यूनतम 14°

---

एग्जिट पोल: तीन राज्यों में कांग्रेस-भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला, तेलंगाना में बदल सकती है सत्ता

# राजस्थान व एमपी में बीजेपी की सरकार

### छत्तीसगढ़ में बरकरार रह सकता है कांग्रेस की सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पांच राज्यों में चुनाव के बाद एग्जिट पोल आ गए। इन एग्जिट पोलों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के बीच तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कड़ा मुकाबला है,जबकि तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से आगे निकलती दिखाई दे रही है। विभिन्न चैनल और एजेंसियों की ओर से किए गए सर्वे का औसत अगर देखा जाए तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर है। दोनों पार्टियां 110 के आंकड़े के नजदीक दिखाई दे रही हैं। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में विभिन्न एजेंसियों के सर्वे बताते हैं कि यहां कांग्रेस बीआरएस को सत्ता से बाहर कर सकती है।
छत्तीसगढ़ में एग्जिट पोल कांग्रेस की वापसी की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि भाजपा पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें हासिल करेगी। राजस्थान में एंटी इनकंबेंसी के चलते भाजपा कांग्रेस से आगे दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के सर्वे भाजपा की जीत की ओर इशारा कर रहे हैं।

### राजस्थान में भाजपा को बढ़त

राजस्थान में अनुमान के मुताबिक भाजपा बढ़त बनाती दिख रही है। एक सर्वे के अनुसार राजस्थान में कांग्रेस को 85-95 सीटें। भाजपा को 98-105 सीटें और अन्य 10-15 सीटें मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक-मैट्रिज के सर्वे के अनुसार राजस्थान में कांग्रेस को 65-75 सीटें। भाजपा को 115-130 सीटें और अन्य 12-19 सीटें मिलने का अनुमान है।

### मिजोरम में एमएनएफ व जेडपीएम के बीच कांटे की टक्कर

40 सीटों वाली मिजोरम विधानसभा के सर्वे के नतीजे सामने आए हैं. जन की बात के सर्वे में एमएनएफ को 10 से 14 सीटें, जेडपीएम को 15 से 25 सीटें, कांग्रेस को पांच से नौ सीटें, भाजपा को दो सीटें मिलने का अनुमान है. सीएनएक्स ने कहा कि एमएनएफ को 14-18, जेडपीएम को 12-16, कांग्रेस को 8-10 और बीजेपी को 0-2 सीटें मिलेंगी. सी वोटर ने कहा कि एमएनएफ को 15-21, जेडपीएम को 12-18 और कांग्रेस 2-8 को सीटें मिलने का अनुमान है.

### तेलंगाना: सरकार बना सकती है कांग्रेस

तेलंगाना में कांग्रेस को 48-64 सीटें मिल सकती हैं। वहीं केसीआर की पार्टी को 40-45 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 7-13 और अन्य को 4-7 सीटें मिल सकती हैं।इंडिया टीवी-सीएनएक्स के अनुसार, यहां कांग्रेस को 63-79 सीटें मिल सकती हैं। वहीं बीआरएस को 31-47 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 2-4 और अन्य को 5-7 सीटें मिल सकती हैं।टाइम्स नाऊ- ईटीजी ने एग्जिट पोल में बीआरएस को 37-45 सीटें, कांग्रेस को 60-70 सीटें, भाजपा को 6-8 सीटें और अन्य को 5-7 सीटें दी हैं।




### छत्तीसगढ़ : कांग्रेस की बल्ले-बल्ले

छत्तीसगढ़ में अधिकांश सर्वे में कांग्रेस को बढ़त का अनुमान है,पार्टी की भाजपा से कांटे की टक्कर है।टाइम्स नाउ-ईटीजी के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस बहुमत के करीब रह सकती है, पार्टी के हिस्से में 48-56 सीटें आ सकती हैं। भाजपा को 32-40 सीटें मिलने का अनुमान है। साथ ही निर्दलीय 2-4 सीटों पर सफल होने में कामयाब हो सकते हैं।टीवी 9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को 40-50 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा के हिस्से में 35-45 सीटें आ सकती हैं। साथ ही अन्य को 0-3 सीट से संतोष करना पड़ सकता है। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक, कांग्रेस को 44-52 सीटें मिलेंगी। भाजपा को 34-42 मिलने के आसार हैं। वहीं निर्दलीय के हिस्से में 0-2 सीटें जा सकती हैं।

### एमपी : अधिकांश सर्वे में बीजेपी की सरकार

एमपी में छह में से तीन एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार, एक में कांग्रेस और दो में बराबरी की टक्कर दिख रही है। न्यूज 24-चाणक्य ने मध्यप्रदेश में बीजेपी को 151 सीटें दी, जबकि कांग्रेस को 74 सीटें। वहीं, अन्य को पांच सीटें मिलती दिख रही हैं।टाइम्स नाउ-ईटीजी के मुताबिक, बीजेपी को 105-117, कांग्रेस को 109-125 और अन्य को 1-5 सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के मुताबिक, बीजेपी को 140-159 सीटें, कांग्रेस को 70-89 और अन्य को 14-18 सीटें मिलने का अनुमान है।एक अन्य सर्वे के मुताबिक, बीजेपी को 95-115, कांग्रेस को 105-120 और अन्य को 0-15 सीटें मिल सकती हैं।

---

देवघर में जन औषधि योजना के लाभार्थी से पीएम ने की बातचीत

## बाबा धाम में जन औषधि केंद्र शुरू होना खुशी की बात: पीएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एम्स देवघर में ऐतिहासिक 10,000वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। इसके अलावा श्री मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने संबंधी कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण के दौरान इन दोनों पहलों-महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करने और जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की घोषणा की थी। यह कार्यक्रम इन वादों को पूरा करने का प्रतीक है।प्रधानमंत्री ने इस योजना के लाभार्थी तथा एम्स देवघर में जन औषधि केंद्र की संचालिका रुचि कुमारी से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने बाबा धाम देवघर में यह उपलब्धि हासिल होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए 10,000वां जन औषधि केंद्र शुरू करने पर उन्हें बधाई दी। जन औषधि केंद्र के संबंध में उनके निर्णय के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ बातचीत करने पर उन्हें किफायती दवाओं की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि जो दवा बाजार में 100 रुपये में मिलती है, वह केंद्र में प्रायः 10 से 50 रुपये में उपलब्ध होती है। उन्होंने क्षेत्र में जन औषधि केंद्रों के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में भी चर्चा की। रुचि ने उन्हें योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

*** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया व सांसद निशिकांत दुबे एम्स देवघर के कार्यक्रम में हुए शामिल**

**हेल्थ कैंप का स्वास्थ मंत्री ने किया अनावरण:** देवघर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया और स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे एम्स देवघर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एम्स देवघर द्वारा वहां आम जनों के लिए लगाए गए हेल्थ कैंप का स्वास्थ मंत्री ने अनावरण किया, और डॉक्टरों और लाभार्थियों से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा एम्स द्वारा चिह्नित लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया।

---

## सूरत : केमिकल फैक्ट्री में आगजनी के बाद 6 कर्मचारियों के मिले कंकाल



एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के सूरत शहर में बुधवार को एक केमिकल फैक्ट्री के टैंक में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। हादसे में लापता हुए 7 कर्मचारियों में 6 के कंकाल मिले हैं जबकि एक अभी लापता है। 25 घायल श्रमिकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि सचिन जीआईडीसी (गुजरात औद्योगिक विकास निगम) औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रसायन फैक्टरी में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे ज्वलनशील रसायन के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया था, जिसके बाद फैक्टरी में आग लग गई थी। केमिकल कंपनी ,दृह्लद्धद्दह्ल आदर इंडस्ट्रीज में हुए हादसे के बाद हाहाकार मच गया।बताया जा रहा है कंपनी में रात करीब 150 कर्मचारी काम कर रहे थे। हादसे में करीब 25 कर्मचारी घायल हुए थे और 7 कर्मचारी लापता थे। कंपनी प्रशासन ने 7 कर्मचारियों के लापता होने की बात छुपाई थी जिसमे 6 लोगों के कंकाल आज सुबह बरामद हुए है और एक अभी भी लापता है। फिलहाल सभी घायल मजदूरों का अलग-अलग निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की घटना के बाद कलेक्टर कार्यालय भी हरकत में आ गया है।

---

गढ़वा : मेराल में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

## योजनाओं से जुड़कर खुद को मजबूत बनाएं : हेमंत

*** मुख्यमंत्री ने 211 करोड़ 36 लाख 62 हजार 562 रुपए की लागत वाली 1255 योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास, लाभुकों के बीच 7 करोड़ 49 लाख 63 हजार 745 रुपए की बांटी परिसंपत्ति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सरकार की योजनाएं आपके दरवाजे पर इंतजार कर रही है।आप इन योजनाओं से जुड़कर खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनाएं।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सभी पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं। मैं सभी शिविरों में तो नहीं जा सकता हूं,लेकिन कुछ शिविरों में शामिल हो रहा हूं। इन शिविरों में पहुंच कर मैं यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि सरकार ने आपके लिए जो योजनाएं बनाई है, उसका लाभ वास्तव में आपको मिल रहा है या नहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई योजनाएं चल रही हैं और हर योजना अपने आप में खास है। ग्रामीण और शहरी पृष्ठभूमि में रहने वालों के लिए अलग-अलग योजनाएं हैं।मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड युवावस्था में प्रवेश कर चुका है। इस राज्य के बने 23 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन पिछले दो दशकों के दौरान यह राज्य हमेशा विकास को लेकर हाशिये पर रहा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री श्री बादल, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमण्डल के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### नौकरी भी दे रहे हैं और स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों के साथ निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। वहीं, जो स्वरोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना है। आप इस योजना के लिए आवेदन दें। आपको व्यवसाय के लिए सरकार की ओर से आर्थिक मदद की जाएगी। मेरा आपसे कहना है कि आप दूसरों के लिए मजदूरी नहीं करें, बल्कि अपना काम करें और दूसरों को भी रोजगार दें।



**किसानों को खेती की बताई जा रही नई तकनीकः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है । किसान पाठशाला खोले जा रहे हैं। यहां किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। वहीं, 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर गरीबों और जरूरतमंदों को अनाज दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है। इसके अलावा भी कई ऐसी योजनाएं हैं जिनके माध्यम से ग्रामीणों को मजबूत और सशक्त बना रहे हैं।

**1255 योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 99 करोड़ 96 लाख 89 हजार रुपए की लागत से निर्मित 1146 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 109 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर कुल 111 करोड़ 39 लाख 73 हजार 562 रुपए खर्च होंगें। इस तरह 211 करोड़ 36 लाख 62 हजार 562 रुपए की लागत वाली 1255 योजनाओं का तोहफा गढ़वा वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच 7 करोड़ 49 लाख 63 हजार 745 रुपए की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया।

---

## केंद्रीय गृह मंत्री दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे झारखंड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को झारखंड दौरे पर पहुंचे. वे हजारीबाग के बीएसएफ कैंप में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड पहुंचे हैं. बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस के मौके पर हजारीबाग के मेरु स्थित रानी झांसी प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसमें शामिल होने के लिए गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचे.
जानकारी के अनुसार बीएसएफ के विशेष विमान से गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचे. जहां पर स्वागत करने के लिए बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के साथ-साथ जिले के कई पुलिस अधिकारी एयरपोर्ट के चप्पे चप्पे पर निगरानी रखे हुए हैं.बीजेपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गृह मंत्री का स्वागत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रांची के सांसद संजय सेठ, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सिन्हा, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन,शिव शंकर उरांव के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप वर्मा, अमरदीप यादव, आरती कुजूर, किसलय तिवारी, अनवर हयात मौजूद रहे.आज शुक्रवार को बीएसएफ कैंप में होने वाले कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह जवानों की हौसला अफजाई करेंगे.



### तेलंगाना विस चुनाव शांतिपूर्ण समाप्त, 63.94 प्रतिशत मतदान

**हैदराबाद :** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का समय समाप्त हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर माहौल शांतिपूर्ण रहा। शाम 5:00 बजे तक 63.94 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। माओवादियों से प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया। बाकी 106 सीटों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान जारी रहा। पांच बजे तक कतार में लगे लोगों को मतदान करने दिया गया।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और अन्य विभिन योजनाओ द्वारा ईलाज की सूविधा
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत सचिवालय परिसर मे आपकी योजना, आपकी सरकार और आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बाल विकास विभाग, शिक्षा, राजस्व, पशुपालन, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसपीएलएस के तहत महिला सशक्तिकरण और आत्म निर्भर बनने के लिए 38लाख लोन का वितरण किया गया। स्वास्थ्य सहित सभी विभाग का स्टॉल लगाई गई थी। आयोजित शिविर मे 30 यूनिफोरम व 5 - छात्राओं के साइकिल के लिए 4500 रु का चेक वितरण किया गया। और अबुवा आवास ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए आवेदन माँगा गया और सखी मंडल दीदी के ग्रामीण रोजगार के लिए लोन भी स्वीकृति पत्र सौपी गई। इस शिविर मे छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्री हीरा कुमार ने गरीब असहाय लोगों के अपने हाथों से कम्बल वितरण कर कार्यक्रम के शुरुआत किया गया। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण के निर्देश दिया की समय से पहले शिविर से भागनेवाले कर्मी को खैर नही होगा। इस शिविर में बीडीओ संजय कुमार यादव, प्रमुख रेशम कुमारी, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष पाठक, बीपीओ दीपक कुमार, डा सुनील कुमार सिंह, मोहम्मद इमरान अंसारी, एमओ प्रमोद कुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी श्री विनोद कुमार राम, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ,पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, पूर्व मुखिया प्रत्याशी चंद्र भुषण कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सिंह, सीआरपी राजेश कुमार, स्वास्थ कर्मी राजन कुमार, समाज सेवी पंकज कुमार रवि सहित अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

# कर्नल कप फुटबॉलः विश्वसिया ने देवरी कला को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला। यह मैच पीछले वर्ष क्वार्टर फाइनल खेलने वाली टीम देवरी कला बनाम विश्वसीया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने का कई प्रयास किए। निर्धारित समय में दोनों टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रही। उसके बाद में फैसला पेनाल्टी शूटआउट हुआ। जिसमें विश्वसिया ने देवरी कला को 3-2 से हरा दिया। मैच से पूर्व कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील किया कि यह टूर्नामेंट हुसैनाबाद क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। इसलिए स्थानीय युवाओं को ही खेलने का अवसर दें। बाहरी खिलाड़ियों के लिए एक अलग टूर्नामेंट कराया जाएगा। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मैच के दौरान क्लब के सचिव मनोज शर्मा निर्णायक सुदय सिंह, सगीर अहमद, एस एम अकरम, तकी रिजवी, अशोक कुमार सिंह भानू सिंह प्रह्लाद ठाकुर बीर बहादुर सिंह तथा अनीश कुमार के आलावा हज़ारों दर्शक उपस्थित थे। टूर्नामेंट में शुक्रवार का मैच सुपहा (झरगड़ा) बनाम जपला के बीच खेला जाएगा।

# बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबन्ध पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखण्ड के सभी बीएलो द्वारा मतदान केंद्रों कैंप कर 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीओ कुमारी ने सदर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 68, व 69 पर पहुंचे जहां 97 वर्षीय जगदेव महतो, व 87 वर्षीय सनीचरी देवी को फुल व ठंड से बचने को लेकर कंबल देकर सम्मानित किया। मौके पर सुप्रवाईजर प्रकाश कुमार, सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ ही साथ बीएलो मौजूद रहे।

# नगर उंटारी नये थाना भवन का ऑनलाइन किया गया उद्घाटन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने गढवा आगमन पर गुरुवार को नगर उंटारी के नवनिर्मित थाना भवन का ऑनलाइन उदघाटन किया। थाना भवन को फूल माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उदघाटन के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर नये थाना भवन में कार्य प्रारंभ किया। इस अवसर पर एस आई श्रीकांत पांडेय, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, पूर्व प्रखंड प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, आप नेता मंटू पांडेय, भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, कुशदण्ड पंचायत के मुखिया रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए पंपलेट का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** यूनिसेफ एवम झारखंड सरकार, सहित अन्य संगठनों के द्वारा चलाए जा रहे बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए राज्य व्यापी अभियान का दूसरा चरण आरंभ। इस संबंध में एवं जी एस एस के कोडिनेटर ने बतलाया कि रंका के विभिन्न क्षेत्रों सहित अन्य सुदुरवर्ती क्षेत्र में बाल हिंसा और बाल विवाह निषेध पर सामूहिक रूप से जन जागरुकता अभियान चलाने को लेकर रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, LGSS के फील्ड फैसिलिटेटर अमरेन्द्र कुमार, और जे एम एम प्रकोष्ठ के नेता आफताब आलम के द्वारा संयुक्त रुप से बाल हिंसा के खिलाफ़ जागरुकता पंपलेट का अनावरण किया गया । मौक़े पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है ऐसे में उन पर किया गया कोइ भी हिंसात्मक कार्य उनके मन और हृदय को कुंठित कर देता है। ईस लिए हम सभी को बाल हिंसा के खिलाफ़ खड़ा होना होगा । जबकी एलजीएसएस के फील्ड फैसिलिटेटर अमरेन्द्र कुमार ने बताया की बच्चों पर किया गया किसी भी तरह का चोट चाहे वह शारीरिक, मानसिक, मौखिक या भावनात्मक ही क्यों न हों ये सभी कानून के दायरे में अपराध हैं। और इन सभी के खिलाफ़ सजा और जुर्माना का भी प्रावधान है। ईस लिए किसी भी क्षेत्र में या कहीं भी बाल हिंसा , बाल विवाह , और महिला उत्पीड़न नहीं हो ऐसा प्रयास होना चाहिए।

# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहर के मोतीराज महिला इंटर कालेज के समीप राधाकृष्ण मैदान में बुधवार को वार्ड संख्या 7 से 10 के लिए आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल के माध्यम से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट देने के लिए लगाया गया। कार्यक्रम में छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, अंचल अधिकारी यामुन रविदास, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में हरिहरगंज पूर्वी की दिव्यांग महिला अनीता देवी को ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया गया। सीओ यामुन रविदास तथा कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने उक्त महिला को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा। जबकि महिला व बाल विकास परियोजना के तहत एक महिला की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी, कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पेंशन तथा शहरी आवास के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए।कार्यक्रम में मरीजों को जांच कर दवा दी गई। सभी विभागों से करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए। सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर स्थानीय नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। इस संबंध में राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा है कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य अच्छा है। परंतु राज्य सरकार की इच्छा शक्ति की कमी के कारण जमीनी स्तर पर कार्य नहीं हो रहा है। लोगों के समस्या समाधान की बजाय सरकार प्रचार पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मूलभूत समस्याओं से ध्यान भटकने के लिए ऐसे कार्यक्रम में धोती साड़ी कंबल का वितरण कर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसएमसी के सदस्यों ने दिया इस्तीफा



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अतर्गत राजकीय मध्य विधालय नामुदाग के विधालय प्रबंधन समिति के सदस्य गणेश सिंह, विंदा देवी, बबिता देवी, रेणु देवी, धर्मेंद्र कुमार, शिव नारायण चौधरी, राजेंद्र चौधरी सहित अन्य लोगों ने विधालय के प्रधानाध्यपाक सह सचिव श्री महेन्द्र सिंह के मनमानी रवैया से आक्रोशित होकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,कार्यालय मे लिखित आवेदन दिया। प्रबंधन समिति के सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने लिखित आरोप लगाया है कि विधालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव श्री सिंह ने मध्यान भोजन मेनू चार्ट के अनुसार नहीं संचालित किया जाता है और भोजन मेनू के अनुसार नहीं दिया जाता है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्र के अनुसार मिलने वाली चावल का गबन करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रबंधन समिति के चुनाव निष्पक्ष्य करने और जाँच करने के मांग कर रहे थे।

# मनरेगा मजदूरों को नहीं हो पा रहा मजदूरी का भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत में पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण विकास कार्य प्रभावित है। कोई भी नई योजनाओं की शुरुआत नहीं हो रहा। ऐसे लोग सरकारी योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इतना हीं नहीं 15 वें वित्त अनुदान मद की योजनाएं भी संचालित नहीं हो पा रहा है। बुधवार को पंचायत सचिवालय में इन सभी समस्याओं को लेकर कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जहां कार्यकारिणी की सभी सदस्यों ने खुलकर विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं भारी संख्या में पहुंचे मनरेगा मजदूर व ग्रामीणों ने भी जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि मनरेगा के योजनाओं में किए जा रहे कार्यों का एमआर शून्य कर दिए जा रहे हैं। ऐसे में मजदूरों का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पंचायत प्रखंड के अन्य पंचायतों की तुलना में मनरेगा की योजना संचालन में फिसड्डी साबित हो रहा है। कार्यकारिणी के सदस्यों ने एक स्वर में कहा पंचायत सचिव विमला कुमारी की तानाशाही और लापरवाही से कार्य प्रभावित हो रहा है।

# आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में कई मामलों का हुआ निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** गुरुवार को पंड़वा प्रखंड के ग्राम पंचायत पतरा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्धाटन अंचल अधिकारी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 4 स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को कुल 12 लाख का चेक वितरित किया गया। पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में अध्यनरत छात्रो को स्कूल कीट वितरीत किया गया। मनरेगा से 05 लाभुको को जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप के 02 लाभुको को स्वीकृति पत्र एवम दीदी बड़ी योजना अंतर्गत नींबू का पौधा वितरित किया गया। आपूर्ति विभाग के द्वारा धोती साड़ी वितरित किया गया। योग्य लाभुको के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# 80 प्लस उम्र के मतदाताओं को बीएलओ पर्यवेक्षको ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों से सबंधित बीएलओ पर्यवेक्षकों ने 80 वर्ष व इससे ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन करते हुये उन्हें फूलमाला से सम्मानित किया। बीएलओ पर्यवेक्षक अशोक कुमार ने मतदान केंद्र संख्या 242 व 244 जंगीपुर ग्राम के 80 प्लस उम्र के मतदाता जुनेदा बीबी, फुलझरी देवी, यशोदा देवी, राजदेव राम, इन्द्रावती कुँवर, डोमनी देवी, बसिया देवी को तथा बीएलओ पर्यवेक्षक बिरेन्द्र सिंह ने मतदान केन्द्र संख्या 221, 222, 225 तथा 231 से सबंधित 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाता मुंद्रिका राम, कुंती देवी, महेंद्र साव, बृजवासी कुँवर, फेकन देवी, लिवास देवी, सहित नरही में 4, सलसलादी में 2, जासा ग्राम में दो मतदाताओं का सत्यापन करते हुये उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

# जिला पार्षद ने फोर लेन सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर उठाया सवाल

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने भागोडीह से शंखा तक बन रहे फोर लेन सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है.उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है. भारावट मे लाल मोरंग मिट्टी के बजाए काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है.जिससे सड़क के धसने का खतरा बना रहेगा.भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निर्माणाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है.जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है.जिसके कारण सड़क पर लोगों का चलना दुभर हो गया है.अनियमितता की शिकायत करने या उसका विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है.श्री रविदास ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गई है.जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# चैनपुर प्रखंड के किसानों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : ब्रजेश पांडे

## गेहूं और चना बीज के लिए मारे-मारे फिर रहे किसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कृषि विभाग कार्यालय को 26/11/2023 को जिला से डिओ द्वारा 136 क्विंटल चना का पत्र निर्गत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी व कृषि पदाधिकारी को चना वितरण करने के लिए जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जिला परिषद प्रमुख कृषि पदाधिकारी सांसद प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि के साथ चैनपुर कार्यालय सभागार में बैठक किया बैठक में सभी 25 पंचायत को बराबर बराबर मात्रा में चना देने का निर्णय लिया गया। जिसे स्वतः संज्ञान में लेते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने सभी 25 पंचायत के कृषि मित्रों को निर्देश दिया की अपने-अपने पंचायत के लाभवर्थी किसानों का सूची एकत्रित कर किसानों का फॉर्म भरकर ब्लॉक में जमा करें, जिससे सभी लाभुक किसानों को शीघ्र चना दिया जा सके जिस पर किसान मित्रों ने अपने-अपने पंचायत में सभी लाभवर्थी किसानों का सूची एकत्रित कर फॉर्म भरकर ब्लॉक में जमा किया लगभग दो महीना गुजर चुका हैं लेकिन अभी तक किसानों को चना नहीं मिला है। चना के लिए किसान प्रतिदिन ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं जिससे किसान मायूस हैं और किसान कृषि मित्रों को बार-बार चना के लिए परेशान कर रहा है कि आखिर जो फॉर्म भराया था वो कहां गया कि अभी तक हम सभी किसानो को चना नही मिला आखिर कब तक मिलेगा हम लोग कितना दिन तक इंतजार करें इस पर किसान मित्र और अधिकारी को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर किसानों को क्या जवाब दिया जाए की कब तक चना आपको उपलब्ध कराई जाएगी। इसी बीच 10/11/2023 को डिओ द्वारा फिर से पुनः गेहूं वितरण करने के लिए पत्र निर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी व कृषि पदाधिकारी के नाम पर किया गया।जल्द से जल्द बैठक कर 210 क्विंटल गेहूं का वितरण किसानों के बीच किया जाए। लेकिन अभी तक गेहूं वितरण को लेकर अधिकारियों का नींद नहीं खुला है की समय पर किसानों को गेहूं वितरण कर दिया जा सके। जिससे कि वह खेत में बुवाई किया जा सके। इस संदर्भ में कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गेहूं का पत्र जिला के द्वारा भेजा गया है 210 क्विंटल गेहूं वितरण करने के लिए लेकिन चैनपुर प्रखंड को वर्तमान में 110 क्विंटल ही गेहूं दिया गया है ऐसे में किसानों के बीच गेहूं का वितरण कैसे किया जा सके। बैठक के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दिया गया है लेकिन यह अभी तक उनके द्वारा समय निर्धारित नहीं किया गया है जिसके कारण 110 क्विंटल गेहूं का वितरण किसानों के बीच नहीं किया गया है। पूर्व किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा की चैनपुर प्रखंड को अगर 132 क्विंटल चना वितरण के लिए जिला द्वारा पत्र निर्गत किया गया तो आखिर ऐसा क्या हुआ जिसके कारण चैनपुर प्रखंड को 132 क्विंटल चना नहीं दिया गया और किस कारण से नहीं दिया गया इसके बारे में किसी प्रकार का कोई जानकारी कृषि पदाधिकारी को आखिर क्यों नहीं लिखित में दिया गया है। यह जांच का विषय है और उन्होंने कहा कि गेहूं के लिए जिला द्वारा 210 क्विंटल का पत्र निर्गत किया गया था जो अभी तक वर्तमान में किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण नहीं किया गया है और उसमें भी जानकारी मिल रही है। पुनः चैनपुर प्रखंड को ही सिर्फ सौतेला व्यवहार क्यों किया गया।

# रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** प्रखंड के चुतरू पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन । इस संबंध में चुतरु पंचयात के उप मुखिया ने बतलाया कि रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी चुतरु पंचायत के मुखिया खालिद अंसारी उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सोनू कुमार प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे चूतरू बुनियादी शंकुल साधन सेविंग देवेंद्र नाथ उपाध्याय आदि प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया इस सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया था जिसमें सरकार की सभी महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में सभी विभाग एवं स्टोलों से ग्रामीणों की जानकारी दी गई वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को एक-एक बिंदु पर लोगों को बताने का काम किया उन्होंने गुरु जी क्रेडिट कार्ड सावित्रीबाई फुले एवं अबुआ आवास योजना के बारे में ग्रामीणों को बतलाने का कार्य की गई इस सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आज

**रांची :** झारखंड राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजभवन से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम एक दिसम्बर को नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर होगा। इसके तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस दौरान कुछ विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड में रह रहे नागालैंड के लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है। राजभवन नागालैंड के ऐसे लोगों की तलाश में है, जो झारखंड में रहते हुए इसके विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे जो भी लोग राजभवन में एक दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, वे राजभवन के विशेष कार्य पदाधिकारी रोहित सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

### बड़ौदा बैंक में हुआ कृषि ऋण शिविर का आयोजन

**रांची :** बड़ौदा किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को सी. आई. पी. कैम्पस कांके में वृहत कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सोनाम टी भूटीया, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल, विशिष्ट अतिथि डॉ तरुण कुमार, निदेशक सी.आई.पी., श्री शंकर महतो सहायक महाप्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, श्री गौतम पाल, उप क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय राँची और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।इस शिविर में लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और किसान बंधु शामिल हुए। इस शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बैंक के विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के तहत 5 करोड़ रूपये ऋण का वितरण किया गया। इस शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और किसान बंधुओं को बैंक के विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं से अवगत करवाया गया।

# शहीद जवानों के आश्रितों को मिला मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड के नेतृत्व में राज्य में नक्सली संगठनों के खिलाफ संयुक्त बलों झारखण्ड पुलिस एवं केन्द्रीय अर्धसैनिक बल (कोबरा, सीआरपीएफ एवं एसएसबी) के द्वारा लगातार चौतरफा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिसके काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड द्वारा नक्सली अभियानों में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के साथ-साथ अन्य सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के कल्याण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 30.11.2023 को पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रांची स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज के तहत हुये एमओ यू के आलोक में नक्सल हिंसा में शहीदों के आश्रितों को भुगतान किया गया। ज्ञात हो कि14.08.2023 को नक्सल उन्मुलन अभियान के क्रम में चाईबासा जिला के टोन्टो थाना क्षेत्रान्तर्गत तुम्बाहाका में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में झारखण्ड जगुआर के पुअनि अमित कुमार तिवारी एवं आरक्षी गौतम कुमार ने कर्तव्य के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। झारखण्ड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस सैलरी पैकेज के तहत घटना में शहीद पुअनि अमित कुमार तिवारी के परिजन /आश्रित को के तहत 25 लाख रूपये एवं आरक्षी गौतम कुमार के परिजन / आश्रित को 15 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी। पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के पहल पर झारखण्ड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकेज के लिए एमओयू हुआ था जिसके तहत पुलिस सैलरी पैकेज से पुलिस कर्मियों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी यथा-व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा-



50 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर-30 लाख, वायुयान दुर्घटना पर-01 करोड़ रूपया, व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिये बीमा राशि-10 लाख तथा अविवाहित बच्चियों के विवाह हेतु भी बीमा राशि अधिकतम 10 लाख दिये जाने का प्रावधान है। नक्सल हिंसा / उग्रवादियों एवं अपराधकर्मियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। इस एमओयू के तहत भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को रूपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, इसके तहत दुर्घटना आदि में मौत होने पर 10 लाख रूपया का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा। यह सभी बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत खाता धारक को निशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही पुलिस कर्मियों के परिवार के चार सदस्यों को निःशुल्क खाता, चेक बुक, एटीएम कार्ड एवं वयस्क सदस्यों का पांच-पांच लाख रूपये का बीमा का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस की ओर से अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक झारखण्ड सहित मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, (मुख्यालय), डॉ. संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, (अभियान), प्रिया दूबे, अपर पुलिस महानिदेशक, (आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण), अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, (मानवाधिकार), अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, (अभियान), अन्नेपु विजया लक्ष्मी, पुलिस उप-महानिरीक्षक, (कार्मिक), माईकल राज एस. पुलिस उप-महानिरीक्षक, (विशेष शाखा), इन्द्रजीत महथा, पुलिस उप महानिरीक्षक (झारखण्ड जगुआर) अमित रेणु पुलिस अधीक्षक (अभियान) एवं भारतीय स्टेट बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक, रांची रीजन, आलोक रंजन, कॉरपोरेट सैलरी रिलेशनशिप मैनेजर विकास कुमार पाण्डेय एवं पंडरा शाखा प्रबंधक कुमार कौशल उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत वृहस्पतिवार को इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में एक पुरूष्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में हिस्सा लिया और बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन समय अभाव के कारण उन्हें बाद में पुरष्कृत करने का फैसला लिया गया, इसी संदर्भ में ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल इंचार्ज दरख्शां परवीन को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया एवं मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में चौथा एवं विज्ञान एवं कला मॉडल प्रदर्शनी में सातवें स्थान के लिए पुरष्कृत किये गए। मौलाना

**माही का शिक्षा के प्रति समर्पण और वंचित तबके के बच्चों को प्रोत्साहन पूरे समाज के लिए एक दर्पण का काम करेगा: दस्तगीर आलम**

आज़ाद की जयंती पर माही द्वारा हज हाउस में आयोजित शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला-2023 में लगभग 30 विभिन्न स्कूलों के 550 छात्रों ने भाग लिया था। मंच का संचालन मोहम्मद सलाहउद्दीन ने किया। इस अवसर पर विशेषकर जमैतुल इराकीन के सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य अर्शद शमीम, वरिष्ठ पत्रकार एवम फोटोग्राफर नसीम अख्तर, पत्रकार इमाम रिजवी(शिब्ली), इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल की शिक्षिकाओं में जूही नाज, शाकरा तरन्नुम, बुशरा, नाहिद परवीन और अफ्शा परवीन मौजूद थी।

## मारवाड़ी महाविद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरुस्कार वितरण समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददातार**

**रांची :** गुरुवार को मारवाड़ी महाविद्यालय में एनसीसी कंपनी के द्वारा एनसीसी दिवस-2023 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि 3-झारखंड गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. के समादेशी पदाधिकारी कर्नल राजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार उपस्थित हुए । अन्य अतिथियों में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. आर.आर. शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. वैधनाथ कुमार, उप-परीक्षा नियंत्रक डॉ. उमेश कुमार, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के प्राध्यापक और एन.सी.सी. के पूर्व अधिकारी मेजर डॉ. महेश्वर सारंगी, सहायक प्राध्यापिका(स) डॉ. अनुपमा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक(स) डॉ. अमित कुमार, सहायक प्राध्यापक(स) डॉ. जीतू लाल, सहायक प्राध्यापक(स) जहांगीर आलम, सहायक प्राध्यापक राजकिशोर रजक, सहायक प्राध्यापक(स) राजन कुमार, 3-झारखंड बटालियन एन.सी.सी. सूबेदार नवीन कुमार और हवलदार रोशन टोप्पो, मोहम्मद कैफुदिन आदि भी अपनी उपस्थिति दी । कार्यक्रम की शुरुआत 4/3-मारवाड़ी महाविद्यालय एन.सी.सी. के केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो एवं डॉ. बहालेन होरो के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देते हुए एवं सॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

# गोवंशीय पशुओं के साथ दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के रांची-पुरुलिया मार्ग स्थित नमक गोदाम के पास स्थानीय लोगों ने दो गोवंशीय पशु तस्करों को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद टेंपो (जेएच01के 2080) में लदे हुए तीनों गोवंशीय पशुओं को बाहर निकाला गया। टैंपो में गोवंशीय पशुओं को मुंह और पैर जबरदस्त तरीके से बांधकर रखा गया था। क्रूरता की हद इस कदर पार कर दी गई थी कि मवेशी को कुछ देर और उस तरह से छोड़ दिया जाता तो जान भी जा सकती थी। तस्कर भागने की फिराक में था, लेकिन लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना पुलिस को दी गई। लोगों ने बताया कि बुधवार 29नवबर 23 सुबह



करीब 10 बजे टाटीसिल्वे से नामकुम की ओर टेंपो के डाला को ढंककर मवेशी को ले जाया जा रहा था। पीछे से एक हने हुए है। कार सवार को शक हुआ। कार वाले का सिक्कड़ ने ओवरटेक कर टेंपो को रोका। टेंपो सवार दोनों तस्कर कार सवार से बहस करने लगा। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों को टेंपो की जांच करने को कहा। जांच की गई तो पाया कि गोवंशीय पशु लदा है। इसके बाद लोगों ने. दोनों को पकड़ लिया। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर टेंपो को जब्त कर लिया है।

दोनों तस्कर कुरैशी मुहल्ला कांटाटोली निवासी एहसान कुरैशी एवं मो. साबिर है। दो की गिरफ्तारी हो गई है और बड़े पशु तस्करों की खोज पुलिस ने शुरू कर दिया है।

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को करने की अनुमति दें राज्य सरकार: संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा ने राज्य सरकार से झारखंड में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को करने की अनुमति देने की मांग की है झारखंड के दो स्थानों पर कार्यक्रम धनबाद के चीताही धाम और पलामू में आयोजित था। कार्यक्रम की तैयारी शुरू भी कर दी गई थी एन वक्त पर प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं देना झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है झारखंड के लाखों लोग बाबा धीरेंद्र शास्त्री को सुनने के लिए उत्साहित थे झारखंड सरकार ने सभी लोगों के आस्था पर तालिबानी फरमान जारी कर लोगों के आस्था पर कुटरघात करने का काम किया है आखिर सरकार धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम



को लेकर इतनी घबराहट में क्यों है अगर सरकार की यह सोच है कि धीरेंद्र शास्त्री के आने से सनातन मजबूत होगा तो मैं हिंदू विरोधी मानसिकता वाली झारखंड सरकार से कहना चाहता हूं कि आप कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दे सकते परंतु करोड़ों लोगों के आस्था और उनके चाहने वालों को कैसे रोक पाएंगे राज्य सरकार इसे राजनीती चश्मे से न देखकर आस्था और लाखों लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कथा करने की अनुमति देनी चाहिए।

## आर्थिक सहायता से जल्द स्वस्थ होंगे अशोक कुमार सिन्हा : डॉ. प्रणव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा नेता, अधिवक्ता एवं सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि सभी के सहयोग और सभी लोगों की आर्थिक सहायता से पूर्व छात्र नेता अशोक कुमार सिन्हा उर्फ टाइगर प्रेसिडेंट जल्द ही स्वस्थ होंगे। आयोजित एक बैठक में डा. बब्बू ने सभी से सिन्हा की मदद की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से अनुज तिवारी, अरविन्द पाठक, सूरज सिन्हा, मुजीब कुरैशी, दीपक कुमार, उपेन्द्र कुमार बब्लू, संतोष दीपक, विजय दत्त पिन्टू, पहलवान, अभिषेक कुमार मिंकु, सुनील टोप्पो, प्रभात सहाय आदि उपस्थित थे।बैठक में कहा गया कि अबतक रांची रिवोल्ट जनमंच, मोरहाबादी परिवार, सवर्ण समाज, एबीकेएम, जमायतुल कुरैश सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने मदद की है. बैठक में पुनः सभी सामाजिक, छात्र एवं धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों से विशेष रूप से मदद की अपील करते हुए सभी सहायता राशि सीधे श्री सिन्हा के यूपीआई अकाउंट पेटीएम नम्बर 8709155139 पर भेजने को कहा गया। उन्होंने कहा कि लीवर की बीमारी से गंभीर रूप से ग्रसित श्री सिन्हा रांची के सदर अस्पताल में 15 दिनों तक और उसके बाद राजधानी के रिम्स में चिकित्सारत हैं और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है।

चिकित्सकों ने बेहतर चिकित्सा के लिये उन्हें दिल्ली भेजने की अनुशंसा की है लेकिन अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति में उनकी क्षमता ऐसी नहीं थी कि वे अथवा उनका परिवार महंगी चिकित्सा का खर्च उठा सकें। डॉ. बब्बू ने कहा कि इस बात की जानकारी मिलने के बाद रांची रिवोल्ट जनमंच ने सामने आकर सभी से सहायता की अपील की और सभी से अपनी सहायता राशि सीधे सिन्हा के बैंक खाते में भेजने को कहा था। डॉ. बब्बू ने कहा कि यदि पूरा समाज दृढ़ प्रतिज्ञा कर ले और सकारात्मक दृष्टिकोण से सही दिशा में काम करे तो बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना बहुत बढ़िया तरीके से सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

## डोरंडा कॉलेज के प्रोफेसर की बर्खास्तगी को लेकर युवा कांग्रेस ने प्राचार्य का किया घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष एव एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज की शिक्षिका से दुर्व्यवहार के आरोपी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य का घेराव किया गया। विदित हो कि डोरंडा कॉलेज के बीएड के शिक्षक ओम प्रकाश ने डोरंडा कॉलेज में सभी का जीना बेहाल कर दिया है। चाहे वो विद्यार्थियों का हो, कॉलेज के शिक्षक का हो, कॉलेज के गॉर्ड या कर्मचारियों का । आये दिन ओम प्रकाश के खिलाफ सभी ने लिखित कंप्लेन दिया है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई। एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दुल राबनावाज ने बताया कि हाल ही में कॉलेज की शिक्षिका डॉ. दीपिका टोप्पो के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया एव उनके साथ दुर्व्यवहार किया। शिक्षिका ने लिखित शिकायत कॉलेज में किया, डोरंडा थाना में भी एफआईआर किया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कल सभी छात्र संगठनों ने मिल कर कुलपति को ओम प्रकाश के खिलाफ ज्ञापन भी दिया। कुलपति ने सभी के सामने उस शिक्षक को अगले दिन से कॉलेज में आने से मना भी किया। लेकिन फिर भी वो कॉलेज ने आ के गुंडागर्दी किया । ओम प्रकाश ने कुछ दिन पहले कॉलेज के गॉर्ड का भी हाथ तोड़ दिया। कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ जाती सूचक गाली का प्रयोग किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि उस शिक्षक की लिखित शिकायत यूनिवर्सिटी में अनेकों बार दी गयी है। उस टीचर की मानसिक स्तिथि भी ठीक नही है। इंदरजीत सिंह ने कहा कि अगर उस शिक्षक की मानसिक स्तिथि ठीक नही है तो उन्हें घर पर रखे, इलाज कराए। ऐसे खुले में कभी कुछ बड़ी घटना का अंजाम दे दिया तो इसके जिम्मेवार कौन होंगे। मौके पर इंदरजीत सिंह ने कहा कि अगर 24 घण्टे में शिक्षक के ऊपर करवाई नही की जाती है तो अगले दिन से कॉलेज में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। मौके पर युथ कांग्रेस आउटरीच के झारखंड प्रभारी आशुतोष सामंत्रय, अब्दुल राबनावाज, ऋषभ सिंह,कैश आलम, एहतेशाम अहमद, रवि, रोहित, इबरार अंसारी, विशाल ,शादमान खान, मोहम्मद कैफ, अयाज आलम, मोहम्मद तौकीर एव विद्यार्थी लोग मौजूद थे।

# रांची : ट्रैफिक पुलिस दामोदर कुमार राय होंगे सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिलाबल से यातायात पुलिस, रॉची में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक दामोदर कुमार राय द्वारा अपने कर्तव्य के दौरान मानवता का परिचय देते हुये अपने परिजनों से भटके दो बच्चो को मौलाना आजाद कॉलोनी थाना नामकुम में रहने वाले उनके माता-पिता तक पहुंचाया गया, जो एक सराहनीय कार्य है। इनके मनोबल को ऊंचा रखने हेतु इन्हें 1000/- (एक हजार रूपये) की राशि से पुरस्कृत किया जाता है। उक्त आदेश संजय ए. लाठेकरअपर पुलिस महानिदेशक, अभियान झारखण्ड, राँची ने आदेश जारी किया है। ज्ञातव्य हो कि बीते 28 नवंबर को कांटा टोली चौक पर दो बच्चे उम्र करीब 3 साल और दूसरे का 4 साल के होगा, वह अपने माता पिता से बिछड़ गया था। इसकी जानकारी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस दामोदर कुमार राय ने व्हाट्सएप ग्रुप में डाले थे। इसके बाद फोटो वायरल हुआ और इस खबर को प्रभात मंत्र ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था । इसके बाद माता-पिता को दोनों बच्चे सकुशल उन्हें सौंपा गया था।

### आरबीआई रांची शाखा में मॉक इवैकुएशन ड्रिल का हुआ अभ्यास

**रांची :** भारतीय रिजर्व बैंक रांची कार्यालय के प्रांगण में गुरुवार को अपराह्न 04:00 बजे मॉक इवैकुएशन ड्रिल का अभ्यास किया गया। अभ्यास प्रारंभ होने से पूर्व सर्वप्रथम श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, राँची के द्वारा स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर आग बुझाने से संबन्धित प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रियता से भाग लिया। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही यह अभ्यास समाप्त हुआ।

## बीओआई कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार झारखंड दौरे पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में उनकी अध्यक्षता और महाप्रबंधक राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड मनोज कुमार की उपस्थिति में दिनांक 29 नवंबर 2023 को रांची में टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड, रांची आंचलिक कार्यालय और अंचल की प्रमुख शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया. स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक ने कहा कि किसी भी प्रदेश व समाज के विकास में बैंक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभाते हैं. झारखंड



राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं. राज्य का अग्रणी बैंक होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि राज्य के किसान, श्रमिक, उद्यमी, महिलाओं तथा हर वर्ग के लोगों को वित्त पोषित कर राज्य के चौमुखी विकास में तथा तरक्की में बहुमूल्य योगदान करें. श्री मनोज कुमार, महाप्रबंधक ने बताया कि त्योहारी सीजन में राज्य के सभी पांचों अंचल यथा रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद अंचल द्वारा एमएसएमई महा हंगामा ऋण शिविर के माध्यम से गांव-गांव जाकर लीड सृजन किया गया है. इसी तरह के शिविर भविष्य में भी आयोजन कर आम लोगों को बैंक से जोड़ा जाएगा. धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल, आयोजन राजेश कुमार, सामान्य परिचालन एवं अनुराग वर्मा, विपणन और मंच संचालन श्री राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा द्वारा किया गया. मौके पर अनिल जाधव, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, सी गोपाल कृष्ण, उप महाप्रबंधक, अनुज अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक, अजित पोद्दार, सहायक महाप्रबंधक, नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, सुनीत कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक (व) समेत बड़ी संख्या में बैंक के स्टाफ उपस्थित थे.

## ओल्ड एज होम पहुंचे डीसी, 80 से ऊपर उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, राहुल कुमार सिन्हा 30 नवम्बर 2023 को अरगोड़ा अंचल में स्थित अपना घर ओल्ड एज होम उर्सुलाइन्स कान्वेंट हेसाग रांची पहुंच कर 80+ से ऊपर उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने उनसे आग्रह करके मतदान में अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण सहभागिता निभाते हुए मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान अवर सचिव, कैबिनेट इलेक्शन डिपार्टमेंट, देव दास दत्ता, अंचल अधिकारी अरगोड़ा, उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक सुमन, सम्बंधित बी.एल.ओ. अपना घर की सिस्टर एम्मा एक्का, सिस्टर विनीता और अन्य सभी उपस्थित थे। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने आज अपना घर ओल्ड एज होम उर्सुलाइन्स कान्वेंट हेसाग में 80+ से ऊपर उम्र के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जिस पर यहां रहने वालें वृद्धजनों ने एक स्वर में कहा की जब तक जीवन रहेगा मतदान करते रहेंगे। हम सभी अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनेगें। जिस



पर उपायुक्त रांची, ने उन सभी को धन्यवाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जिन वृद्ध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज नही हुआ है, उसे जल्द से जल्द मतदाता सूची में दर्ज कराने का निर्देश उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची को दिया गया एवं उन्होंने कहा की सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो यह सुनिश्चित करें। इस क्रम में बी.एम.पी. केंद्र डोरंडा पहुंच कर 80+ वर्ष से ऊपर दो वृद्ध मतदाताओं से मिल कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनसे भी मतदान करने की अपील की जिसपर उनके द्वारा कहा गया की हम मतदान जरूर करेंगे। हम मतदान के महत्व को समझते है।अपना घर÷ ओल्ड एज होम उर्सुलाइन्स कान्वेंट हेसाग में 80+ से ऊपर उम्र के मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहें थे, उस दौरान उन्होंने यहाँ रहने वालें वृद्ध जनों से कहा की आप सभी के बीच अपने आपको पा कर बहुत खुशी की अनुभूति हो रही है। मुझे जब भी मौका मिलेगा मैं आप सबों के बीच जरूर उपस्थित रहूँगा।

## संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन 3 दिसंबर को रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने प्रेस रिलीज़ जारी करते हुए कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड द्वारा आयोजित संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन 3 दिसंबर को कर्बला चौक में आयोजित होगी।सम्मेलन में झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता , सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री, फुरकान अंसारी पूर्व सांसद, भुवनेश्वर मेहता पूर्व सांसद, कामेश्वर बैठा पूर्व सांसद, वक्ता के रूप में मंजूर अहमद अंसारी पूर्व अध्यक्ष हज समिति झारखंड, डॉ. इरफान अंसारी विधायक झारखंड अध्यक्ष हज समिति झारखंड, अख्तरुल इस्लाम उर्फ शाहीन विधायक बिहार, मौलाना अकील अख्तर पूर्व विधायक झारखंड, संजय सिंह पूर्व विधायक झारखंड, राधा किशोर पूर्व विधायक झारखंड, रंजन कुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा राजद झारखंड, अजय सिंह सचिव सीपीआई रांची, आबिद अली अंसारी अध्यक्ष मोमिन कॉन्फ्रेंस झारखंड, कैलाश यादव अध्यक्ष ओबीसी ए मंच रांची, हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद मजाहिरी, मौलाना तौफीक अहमद कादरी, डॉ. असगर मिस्बाही, मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, प्रभाकर तुर्की, जय सिंह यादव अध्यक्ष महावीर मंडल रांची, गौतम चौधरी वरिष्ठ पत्रकार रांची, सैयद सोहेल सईद, हसीब अख्तर अध्यक्ष जमीयत उल-इराकीन रांची, खुशबू खान रांची, शाहीन मरियम रांची के अलावा विभिन्न विचारधाराओं और धर्मों के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर ने बताया कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड ने राष्ट्रीय, कल्याण, सामाजिक, शैक्षणिक और हर गंभीर स्थिति में राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का कर्तव्य निभाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पूर्व वार्ड पार्षद पर हुआ जानलेवा हमला

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओपी थाना क्षेत्र के निवासी स्व. दिलीप प्रसाद कोइरी की पत्नी पूर्व वार्ड पार्षद भारती देवी उम्र 37 वर्ष को गुरूवार की सुबह 5 बजे के लगभग दो अज्ञात लोगों ने घर के अंदर घुसकर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह पुरी से जख्मी हो गई हमलावर मौके से फरार। जानकारी के अनुसार घायल महिला भारती देवी अपने घर के पास लॉकडाउन के समय से वाहन पार्किंग की सुविधा दी थी लोग अपने बाइक को वहां पर पार्क कर यहां वहां काम करने जाते थे। लेकिन काफी दिनों से पार्किंग बंद कर दी थी। लेकिन दो लोग बुधवार की सुबह अपने बाइक को उसके घर के समीप पार्क कर कहीं बहार गए थे। गुरुवार की सुबह 5 बजे हमलावर अपना बाइक को लेने पहुंचे और उनके घर मे घुसकर अचानक चाकु से जानलेवा हमला कर दिया जान को खतरे मे देख चिल्लाने लगी। जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। वहाँ के लोगों ने आवाज सुनकर घायल महिला के घर पहुंचे और आनन फानन मे सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## पिछले चार दिनों से लापता हैं नेम्हस खेस्स

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चरिमा गांव निवासी नेम्हस खेस्स पिता मेझरकस खेस्स 27 नवम्बर से लापता है। इस संदर्भ में नेम्हस की बहन सुमन खेस्स ने बेड़ो थाना में अपने भाई के लापता का सनहा दर्ज कराया है। सुमन ने पुलिस को बताया कि नेम्हस खेस्स 27 नवम्बर को 11 बजे राँची जा रहे हैं, बोलकर घर से निकला था। जो अबतक घर वापस नहीं लौटा है। हमलोग पुरे परिवार के सदस्यों ने आस-पास के गांव व रिस्तेदारों में खोजबीन किये लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## एनएच 39 बड़का पुल के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के मदरसा चौक और सोंस के बीच बड़का पुल के समीप गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची चान्हो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई वही खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हुई थी

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे गुरुवार को विज्ञान एंव कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरजंन सेनापति और विशिष्ट अतिथि मे डीएवी खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार,मंजरी महिला क्लब की अध्यक्ष निभा झा और स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा मौजूद थे।स्कूल के बच्चो द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया,जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।स्कूल के प्राचार्य श्री झा ने सभी को बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एजीएम निरजंन सेनापति ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो की प्रतिभा सामने आती है।बच्चो मे छिपी वैज्ञानिक अविष्कार सभी के सामने आती है।उन्होंने स्कूल प्रबधंन से इस तरह के आयोजन को आगे भी जारी रखने की बात कही।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं उनकी प्रतिभा को निखरना है।कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चो द्वारा कुल 135 मॉडलो की प्रदर्शनी लगाया गया।बच्चो द्वारा लगाये गये सभी प्रदर्शनी का अतिथियो ने निरक्षण क़िया और प्रदर्शनी की जानकारी लेते हुए सराहना की।जानकारी के अनुसार कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चो ने 57 मॉडलो की प्रदर्शनी लगाया,वही कक्षा तीन से कक्षा पांच तक के बच्चो ने 35 मॉडल, कक्षा छः से आठ तक के बच्चो ने 27 मॉडल,कक्षा नवी से बारहवी तक के बच्चो ने 16 मॉडलो की प्रदर्शनी लगायी गई।विज्ञान के 78 और कला के 57 मॉडल बच्चों द्वारा बनाया गया।जिसमे जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण,सेववाच,रेन वाटर,हार्वेस्टिंग,हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी,जेनरेट,लंदन टावर,ज्वालामुखी,आसमान से गिरने वाली बिजली का संरक्षण सहित कई प्रकार के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में हल्की बारिश ने बढ़ाया ठंड का प्रकोप

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे गुरुवार की शाम हुई हल्की बारिश से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर से पुरे क्षेत्र मे बादल छा गया,जिसके बाद शाम से रिमझिम बारिश हुई।बारिश के बाद ठंडी हवा के साथ कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया।बारिश के बाद ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है।वही बारिश से सड़को पर कीचड़ो का अंबार देखा जा रहा है।क्षेत्र की ट्रांसपोर्टिंग सड़के कीचड़ो मे तब्दील हो गई है।इस संबंध मे क्षेत्र के लोगो ने बताया कि दिसम्बर माह के आगमण के बाद अब ठंड का असर बढ़ेगा।बारिश के बाद बादल हटने के साथ ही ठंड का प्रकोप ओर बढ़ेगा।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के बाजारो की रौनक भी कम हो गई है।बचरा चार नम्बर और बाजारटांड़ का मुख्य बाजार मे सन्नाटा पसरा हुआ है।

## जन्मदिन पर विद्यालय में लगाया व्हाइट बोर्ड

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे निवासी सह शिक्षक कुंदन कुमार अपने जन्मदिन पर अनगड़ा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बानपुर में गुरुवार को व्हाइट बोर्ड गिफ्ट किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल पठन-पाठन के वक्त बच्चों को समझने के लिये बोर्ड की आवश्यकता पड़ती थी। इसलिये अपने जन्मदिन को खास मनाने के लिये विद्यालय को बोर्ड गिफ्ट किया। विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार साहू ने कहा कि छात्र ही विद्यालय की असली पूंजी है। कहा कि यह बहुत नेक विचार है कि छात्र हित में निर्णय लिया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कुंज बिहारी महतो, नम्रता प्रकाश, विवेक कुमार, स्मिता तिरु, राधा कुमारी, गंगाधर मुंडा, गुंजन उरांव, अनामिका झा, सारिका टोप्पो, नवीन कुमार महतो के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## आजसू पार्टी पंचायत अध्यक्ष व ग्राम प्रभारी का गठन



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेतलसूद और बीसा पंचायत में अलग अलग जगहों पर ग्राम कमेटि का बैठक करते हुए हुंडरू जरा, कुचु खंभावन,आदि जगहों पर जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया। मौके पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कार्यकर्ताओं को आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों को बताते हुए पंचायत अध्यक्ष और ग्राम कमेटि का भी चुनाव किया गया । जिसमें गेतलसूद से पंचायत अध्यक्ष दीपक करमाली,महिला अध्यक्ष सोनी देवी बीसा पंचायत से अध्यक्ष योगेंद्र महतो,सचिव-दिलीप पाहन, कोषाध्यक्ष संभु बड़ाईक,महिला अध्यक्ष करमी देवी,सचिव-सुलो देवी,कोषाध्यक्ष सुनीता देवी गेतलसूद पंचायत प्रभारी प्रमेश्वर महतो बनदाग से , गेतलसुद अनु देवी, पारसटोली से सीता उरांव, जराटोली से मालो देवी,को बनाया गया। बीसा पंचायत प्रभारी कड़रुटोली से राहुल उराँव, छोटकी गोडंग से सनीचरवा उराँव बीसा से बिनोद उराँव सिमरा टोली से दिलेश्वर बेदिया टुंगरी टोली से अनिल बड़ाईक मधुपुर से सहदेव भोगता तेतर टोली से मंगल मुंडा बेती से जलेंद्र मुंडा मोके पर जगरनाथ महतो,सुनील करमाली,विकास प्रमाणिक, सुरेश महतो,अशोक बड़ाईक ,दीपक बड़ाइक,मानेश्वर महतो, फुलेंद्र महतो,महेश बेदिया,दिलेश्वर उराँव आदि तमाम लोग मौजूद रहे,।

# बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के पंचायत डोरंडा पंचायत में गुरूवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आपुर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि सरकार की बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं है, जिसके लिए आप प्रखंड अंचल का जाते हैं। वहां कभी पदाधिकारी भेट होते हैं, कभी नहीं, इसको देखते हुए सरकार ने इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया है। जहां सभी विभाग के पदाधिकारी आपके यहां उपस्थित हैं। वहीं बीडीओ प्रताप मिंज ने स्थानीय भाषा में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं अबुवा आवास का आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, पशु शेड, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दिये।

उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि केन्द्र के मोदी सरकार ने झारखंडीयों को प्रधानमंत्री आवास से बंद कर दिया। तो झारखंड सरकार ने यहां के लोगों के लिए अबुआ आवास योजना चालु किया है। झारखंड सरकार ने एकल पेंशन, सार्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कल्याण विभाग के अंतर्गत रोजगार श्रृजन योजना सहित कई तरह कि कल्याणकारी योजना चला रखी है। हमलोग अधिक से अधिक योजनाओं को ले सकें इसके लिए सरकार ने सभी विभाग के पदाधिकारीयों को यहां भेजने का काम किया है।

कार्यक्रम में कुल 1504 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 747 को तत्काल निष्पादन किया गया। आवेदकों में सबसे लम्बी लाईन अबुआ आवास का था जिसमें 645 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं 360 लाभुकों के बीच सोना-सोबरन धोती साड़ी का वितरण किया गया। 112 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया। 100 लाभुकों को कंबल का वितरण किया गया, वहीं 33 लोगों को स्वास्थ्य जांच किया गया।

मौके पर जिपस बेरोनिका उराँव, प्रधान सहायक मो नदीम,अंचल निरीक्षक भिखम कुमार, बीपीओ संजय तिर्की, बीएचओ डॉ. राकेश, एई पुरूषोत्म पटेल, जेई सदाम अंसारी, मुखिया महाबीर उराँव, सतेन्द्र साहु, मनकु कुजूर, अजीज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्ति मजदूर को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार की शाम विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में सीएचपी/सीपीपी से सेवानिवृत हुए कर्मचारी रबन मांझी को भाववीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय किया।

समारोह में माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया,जबकि शॉल,श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।जीएम सीबी सहाय ने कहा कि पुराने कर्मियों के सेवानिवृत होने से कंपनी को नुकसान हो रहा है।नए कर्मियों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, एजीएम निरंजन सेनापति, एसओपी आलोक मनीष सोय,स्टाफ ऑफिसर ईएण्डएम जेएन दत्ता,स्टाफ ऑफिसर एक्सवेशन जीएसपी शर्मा,कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा,हेमचंद महतो,योगेश कुमार,ज्योति कुशवाहा सहित का ही अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## सिदरौल पंचायत में सांसद ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के सिदरौल पंचायत के श्रीराम नगर कॉलोनी में रांची सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को चंद्रकांत पांडेय के घर से अनिता राजपूत के घर तक लगभग 350 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। पंडित चंद्रकांत पांडेय ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सभी पंचायतों के कच्ची सड़कों को पक्की करने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार के किये गये कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रुप से खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि बिरसा पाहन, पत्रकार राजेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि बिजेंद्र राय, पूर्व मुखिया दिलीप मुंडा, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, गोपाल चौधरी, बुदु पाहन, राजू लकड़ा, चंद्रकांत पांडेय, मृत्युंजय कुमार, सुनीला देवी, रंजीत वर्मा, कविता देवी, करिश्मा देवी, विक्रांत शर्मा, अनिता राजपूत, सोनी देवी, महेंद्र यादव, रिंकू प्रसाद, धनंजय कुमार, उमेश कुमार, सत्येंद्र वैद्य, राजू मंडल, सुनील साहू, प्रमोद राय, मंटू सिंह, विवेक कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार, बिरजू मांझी आदि मौजूद थे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के सोंस पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित रहीं। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को बताया कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड ब्लॉक का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन वर्तमान की हमारी सरकार ने निश्चय किया, कि अब सरकार गांव एवं कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जाएगा।

शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिनका एक एक करके विधायक ने निरीक्षण किया और जानकारी लिया।। साथ ही कार्यक्रम मे माननीय विधायक के द्वारा अल्पसंख्यक बच्चों एवं छ्रस्क्क के महिलाओं को भी चेक देकर सम्मानित भी किया। मौके प्रखंड अध्यक्ष मो. इश्तियाक अंसारी, युवा अध्यक्ष इरशाद खान, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, मुखिया शिव उरांव, मुखिया महादेव उरांव, अजीत कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह,फरीद अंसारी, पूर्व मुखिया, मुखिया निधिय्या उरांव, मो .मोहम्मद अरशद, मो.इंतियाज एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 80+ आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज जिले भर में विशेष रूप से 80+ आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में आज उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने तोरपा प्रखंड परिसर में 80+ आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को शॉल और पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही प्रखंड के बूथों में वृद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा वृद्ध मतदाताओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ये अभियान 80+ आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को जोड़ने की पहल है। आवश्यकता है कि सभी का वोटर आयो डी कार्ड बनाया गया है। यदि घर के बुजुर्ग मतदान के प्रति जागरूक होंगे तो पूरा परिवार और गांव भी जागरूक बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि शत प्रतिशत बुजुर्ग मतदाताओं को जोड़ा जाय। हम सभी को मतदान के प्रति सजग और जागरूक बनने की आवश्यकता है। एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर हर स्तर पर जागरूकता आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से जिले भर के बूथों में 80+ आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को जागरूक और प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित भी किया जा रहा है।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पुस्तकालय जरुरी : एसडीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** आकांक्षी प्रखंड के तहत शिक्षा के शिक्षा में सुधार हेतु उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी एवं राजकीय मध्य विद्यालय डेहकेला का एसडीओ खूंटी ,बीडीओ कर्रा एवं संबंधित पंचायत के मुखिया ने संयुक्त रूप से विधिवत फिता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया. मौके पर एसडीओ खूंटी ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का अवलोकन किया साथ हीं पुस्तकालय के पुस्तक वितरण एवं जमा करने से संबंधित पंजी का अवलोकन किया. जिसमें प्रतिदिन औसतन 12 से 15 छात्रों के द्वारा पुस्तकें लिया जाता है. बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पुस्तकालय से जरुर पुस्तकें लेकर नियमित रूप से पढ़ाई जरुरी है. पुस्तकालय में अच्छे-अच्छे पुस्तकें हैं सभी छात्र इसका लाभ उठाएं इससे लक्ष्य की प्राप्ति होगी । बीडीओ कर्रा ने भी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा लक्ष्य प्राप्ति का एक मात्र विकल्प नियमित रुप से पढ़ाई करना है इसके लिए पढ़ने की आदत डालना होगा और वो आप सभी को करना है. संसाधन उपलब्ध कराने के लिए इसके लिए विभाग हर सम्भव प्रयास करेगा. राजकीय मध्य विद्यालय डेहकेला में कक्षा दो के छात्रों ने बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए चलाए जा रहे एफ एल एन पर दो गतिविधि आधारित शिक्षण का का मंचन किया. जिसे सभी कोई प्रभावित हुए इस अवसर पर बीपीओ मनमोहन साहु ने कहा कि प्रखंड के सभी 144 विद्यालय में पुस्तकालय का विधिवत रुप से उद्घाटन किया जाएगा तथा नियमित रुप से अनुश्रवण भी किया जाएगा. इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के रोहित कुमार संकुल साधन सेवी सपना कुमारी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 11/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 06/12/2023 एवं 07/12/2023(अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08/12/2023. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08/12/2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– PMAAGY मद

कार्य की विवरणी

| क्र0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | PMAAGY मद | Construction of Kitchen Shed, at- School GUMS, Bangerkela,Block-Basia | बसिया | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 2 | | Construction of Kitchen Shed, at- School GPS, Hanjor,Block-Basia | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 3 | | Construction of Kitchen Shed, at- School GUMS, Tengra,Block-Basia | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 4 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajkriyakrit Upgraded Middle School, Bataloya,Block-Basia | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 5 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajkriyakrit Upgraded Middle School, Maharajganj,Block-Basia | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 6 | | Construction of Kitchen Shed, at- School EMRS,Block-Basia | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 7 | | Construction of Kitchen Shed, at- School G.U.M.S, Kondekera, Block- Kamdara | कामडारा | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 8 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajkiyakrit UPG MS Manglo, Block-Sisai | सिसई | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 9 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajkiyakrit Primary School, Block-Ghaghra | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 10 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajkiyakrit Upgraded Middle School, Birkera Block- Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 11 | | Construction of Kitchen Shed, at- UPG MS Jalka Manthni School, Block- Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 12 | | Construction of Kitchen Shed, at- Upgraded Primary School, Shivnathpur Chatakpur Block- Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 13 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajyakrit Primary School, Pandrani Block- Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 14 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajyakrit Primary School, Siyang, Block- Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |
| 15 | | Construction of Kitchen Shed, at- Rajyakrit Primary School, Kocha, Block-Sisai | | 605674.00 | 1250.00 | 12200.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–

(1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा

(2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा

6. एकरारनामा के समय एकराररित राशि का 3% एवं 10% से अधिक Below होने पर Additional Performance Security जो डाकघर के राष्ट्रीय बचत पत्र 3/5 वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक/बैंक के द्वारा निर्गत 3/5 वर्षीय फिक्स डिपोजिट(एफ.डी.) जो **District Engineer, Zila Parishad, Gumla** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (Pledged) हो लिया जायेगा शेष 5% चलता लेखा विपत्र से काटा जायेगा जो कार्य पूर्ण होने के छः माह के उपरान्त वापस किया जायेगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR 312370 Rural Development(23-24)D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एसीसी ने प्रो कबड्डी लीग टीम गुजरात जायंट्स के साथ की साझेदारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी लिमिटेड ने आगामी प्रो कबड्डी लीग सीज़न 2023 के लिए अपने आधिकारिक भागीदार के रूप में प्रो कबड्डी लीग टीम गुजरात जायंट्स के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी एसीसी और गुजरात जायंट्स दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उत्कृष्टता की विरासत और राष्ट्र निर्माण के जुनून को एक साथ लाती है। यह खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित दो ब्रांडों के बीच एक शक्तिशाली तालमेल का प्रतीक है जो देश के युवाओं और विकास के लिए आवश्यक है। सीमेंट बिजनेस के सीईओ अजय कपूर ने कहा, यह साझेदारी परंपरा और महत्वाकांक्षा का मिश्रण है, समान जुनून और राष्ट्र निर्माण के एक सामान्य लक्ष्य के साथ दो ब्रांडों का तालमेल है। हमारा मानना है कि यह साझेदारी उत्कृष्टता की संयुक्त खोज का प्रतीक है और दो मजबूत टीमों के बीच स्थायी बंधन का प्रतीक है। साथ मिलकर, हम सीमाओं को पार करने, बाधाओं को तोड़ने और अपने युवाओं को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकलेंगे।

## बड़ौदा किसान पखवाड़ा के तहत वृहत्त कृषि ऋण शिविर में 5 करोड़ रूपये ऋण का वितरण

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज बड़ौदा किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने सी. आई. पी. कैम्पस कांके में वृहत्त कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सोनाम टी भूटीया, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल, विशिष्ट अतिथि डॉ तरुण कुमार, निदेशक सी.आई.पी., शंकर महतो सहायक महाप्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, गौतम पाल, उप क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय राँची और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। शिविर में लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और किसान बंधु शामिल हुए। शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बैंक के विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के तहत 5 करोड़ रूपये ऋण का वितरण किया गया।




## न्यू सीतारामडेरा में काली मंदिर का निर्माण कार्य शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को जमशेदपुर के न्यू सीतारामडेरा में 1955 से स्थापित काली पूजा मन्दिर नव निर्माण एवं कार्य आरंभ हेतु भूमिपुजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता महाबीर मुर्मू एवं वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल शामिल हुए। महाबीर मुर्मू ने बताया कि मां काली की पूजा 1955 से कैबर्त परिवार के शशधर कैबर्त के द्वारा तिरपाल का पंडाल बनाकर किया जा रहा था। वर्तमान में संतोष कैबर्त के द्वारा मां काली सेवा किया जा रहा है और अब मां काली पूजा में वृहत पैमाने पर भक्त आ रहे हैं तो अब मंदिर निर्माण का विचार किया गया। मौके पर मुख्य रूप से राजन कैबर्त, राजेश कैबर्त, सुषमा देवी, रेणुका देवी, रूपम कुमारी, सुनीता देवी, बंटी सिंह, सुनील गुप्ता, मनोज तांती, प्रतीक दिनकर, करण कालिंदी, कोला मुखी, संतोष लकड़ा, राज मुखी, अनिकेत, अरुण कैबर्त, अनिल कैबर्त, आशीष, अहान, अभिजीत व शुभोजीत आदि उपस्थित थे।

## सोनारी में 21 दिसंबर को सजेगा खाटू वाले का दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा आयोजित होने वाला 22वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव आगामी 21 दिसंबर 2023 गुरूवार को सोनारी जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में होगा। जिसकी तैयारिया जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में राजस्थानी महिला सत्संग भवन मे संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया की इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा हेतु राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध कोलकाता के भजन गायक विवेक शर्मा (जीतू) एवं प्रयागराज से रोमा निषाद को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्थानीय भजन गायक महाबीर अग्रवाल भी मंच संचालन करते हुए अपनी हाजिरी बाबा के दरबार में लगायेंगें। इस बैठक मे मुख्य रूप से पंकज अग्रवाल, रुपेश जैन, गौतम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संदीप मित्तल, अरविन्द अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

## कपाली में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक ने लाभुकों के बीच किया कंबल वितरण

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कपाली नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 04 में गुरुवार को आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सविता महतो ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक प्रत्येक स्टॉल में जाकर योजनाओं की जानकारी ली और सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे सुनिश्चिंत करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने अपने हाथों से चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्ति व सैकड़ों लाभुकों के बीच कंबल का भी वितरण किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शेख फरीद, मो अरशद, मो नौसाद, इनामुल हक, नोडल पदाधिकारी समेत सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## युवाओं के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करेगी झापा : कुजूर

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 2024 में होने वाली विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर झारखंड पार्टी भी कमर कस ली है। वहीं गुरुवार को खरसावां में झापा पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित कर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से झारखंड पार्टी खरसावां प्रखंड के अल्पसंख्यक मोर्चा के ?अध्यक्ष मो मोइनुद्दीन अंसारी एवं शोएब अंसारी को उपाध्यक्ष बने। बैठक में झारखंड पार्टी की विस्तार एवं संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर सालिग्राम उरांव मोहम्मद जसीम अंसारी सुधीर मुंडा मोहम्मद मोहिद्दीन अंसारी मोहम्मद शोएब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 324 आवेदन का त्वरित कार्रवाई

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड के तिरुलडीह पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसडीएम श्री महतो ने लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के योजनाओं का लाभ सुयोग्य लोगों को लेने की अपील किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा कुल 23 स्टॉल लगाया गया था। जहां तिरुलडीह पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सबसे बुजुर्ग महिला को एसडीएम एवं बीडीओ ने शाल ओढ़ाकर एवं पौधा देकर सम्मानित किया। तिरुलडीह पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1544 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 324 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया।

### प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हथियाडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित बैठक में

# ग्रामीणों की मांगों पर बनी सहमति, जमना ऑटो कंपनी का चाहरदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हथियाडीह फुटबॉल मैदान में गुरुवार को आयोजित बैठक के उक्त गांव में जमना ऑटो कंपनी की स्थापना को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया। बैठक में ग्रामीणों की मांगों पर सहमति बन जाने के बाद प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में कंपनी का चाहरदीवारी निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सह माँझीबाबा ऋषिराज हांसदा ने किया। बैठक में कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ सरायकेला की अनुमंडलाधिकारी पारुल सिंह, डीएसपी मुख्यालय, गम्हरिया अंचल अधिकारी गिरीन्द्र टूटी, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दूबे के अलावा जियाडा के कई अधिकारी, झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक मण्डल, भोंडा बेसरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। बैठक में उक्त फुटबॉल मैदान के बदले कंपनी द्वारा नया फुटबॉल मैदान निर्माण कर ग्रामीणों को देने, ग्राम से नदी तक आने-जाने के लिए 20 फ़ीट चौड़ा रास्ता कंपनी की ओर से बनाए जाने और सीएसआर के तहत गांव में अन्य विकास कार्य किए जाने, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने आदि पर सहमति बनी और लिखित रूप से समझौता किया गया। इस दौरान बताया गया कि कुछ लोग बाहरी असामाजिक तत्वों को गांव में बुलाकर आंदोलन के नाम पर वहां के शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कंपनी स्थापना के पक्षधर हैं और जमना ऑटो के निर्माण कार्य मे सहयोग किया जाएगा। बैठक में उपरोक्त बातों पर सशर्त सहमति बनने के बाद कंपनी स्थापना को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया और चाहरदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बलों की उक्त स्थल पर तैनाती की गई थी।



## चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय जल्द शुरू करे झारखंड सरकार : बैरम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मानव अधिकार कार्यकर्ता बैरम खान ने झारखंड राज्य के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर मांग किया गया है कि चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत मनोहरपुर ,गोइलकेरा, सुनुआ, टुनिया ,बंदगांव, चक्रधरपुर नगर जैसे बड़े क्षेत्र आते हैं और यहां के लोगो को स्थाई न्यायालय चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र में नही मिलना आम जन मानस को परेशान कर रहा है। न्यायालय का भवन बन कर तैयार है लेकिन अब तक उसे शुरू नही किया गया है। अगर इसे जल्द शुरू नही किया गया तो फिर ये भवन भी जल्द जर्जर अवस्था में आ जाएगी। उन्होंने मुख्य सचिव से मांग किया गया है की जल्द न्यायालय भवन को शुरू करने का आदेश दिया जाए। साथ ही इसकी प्रतिलिपि महामहिम राजभवन रांची, झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को भी एक प्रति भेजी गई है। जिसमें उनसे भी मांग की गई है।

## मुखियाओं ने ली जीपीडीपी एलएसडीजी का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** प्रखंड सभागार खरसावां में संकुल स्तरीय मुखिया के जीपीडीपी-एलएसडीजी के दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ प्रधान माझी, प्रखंड प्रमुख मनेंद्र जमुदा ने दीप प्रज्वलित कर किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रखंड समन्वयक खरसावां पंकज कुंभकार, प्रखंड समन्वयक कुचाई मनोरंजन माझी, प्रखंड समन्वयक सरायकेला भुपेंद्र महतो के द्वारा संकुल स्तरीय मुखियाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी मुखिया स्वयं के स्तर से पंचायत स्तरीय विशेष ग्राम सभा के माध्यम से जीपीडीपी एलडीजी से संबंधित विषय थीम का चयन करने में सक्षम होंगे। बैठक में तीन प्रखंड कुचाई खरसावां एवं सरायकेला प्रखंड के मुखिया सम्मिलित हुए। वहीं मुखिया को पंचायत को बेहतर कैसे किया जा सकता है एवं उनकी चुनौतियों के बारे में सामूहिक चर्चा की गई। जिन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।



## एकदिवसीय नक्सली बंदी से चिड़िया माइन्स में कामकाज रहा बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** माओवादी बंदी प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का गुरुवार को एक दिवसीय बंद का असर मनोहरपुर, आनंदपुर, सोनुआ आदि प्रखंड में मिला जुला रहा। वहीं बंद के दौरान आवश्यक चीजों व रेल यात्री ट्रेनों का परिचालन छोड़कर दूरदराज क्षेत्रों एवं स्थानीय स्तर पर यात्री बस, टेंपो व मालवाहक वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप है। बंद का असर व्यापारिक प्रतिष्ठान दुकान, बैंक, पेट्रोल पंप आदि अन्य प्रतिष्ठान पर भी पड़ा है। इस बंद से मनोहरपुर आयरन ओर माइंस चिड़िया (सेल) के खदानों में भी लौह अयस्क की खुदाई व ढुलाई बाधित है। माओवादी बंद से निपटने के लिए जिला पुलिस प्रशासन के जवान सतर्क थे। साथ ही मनोहरपुर सर्किल अंतर्गत सभी पांच थाना क्षेत्र मनोहरपुर, आनंदपुर, जराईकेला, छोटानागरा व चिड़िया ओपी थाना के पुलिस अधिकारी व जवान विधि-व्यवस्था को लेकर चाकचौबंद रहे।



## एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के छात्रों ने किया इंडस्ट्रियल विजिट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** व्यवसायिक शिक्षा के अन्तर्गत चल रहे ट्रेडों ब्यूटी एंड वेलनेस और आईटीआईटीएस के विद्यार्थियों को गुरुवार को इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। ब्यूटी एंड वेलनेस के बच्चों को क्लिप्शो सैलून मानगो में विजिट कराया गया जबकि आईटीआईटीएस के बच्चों को कॉलेज ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन (कोक) आमबगान साकची में विजिट कराया गया। यह विजिट कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार के दिशा-निर्देश एवं व्यवसायिक शिक्षकों राजीव महतो व रिंकी कुमारी के नेतृत्व में किया गया।

## विधानसभा आनगत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिला मुख्यालय पहुंची झारखंड विधानसभा आनगत प्रश्न क्रियान्वयन समिति परिसदन सरायकेला के सभागार में समिति के सदस्य मथुरा प्रसाद महतो एवं अनंत ओझा के अध्यक्षता मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई व संलग्न विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर श्री ओझा ने बताया कि समिति का स्थल अध्ययन यात्रा के क्रम में आज दूसरे दिन सरायकेला खरसावां जिला आना हुआ। इस बैठक में क्षेत्र के विधायकों द्वारा विधानसभा में उठाए गए मुद्दे, जिसका जवाब तो प्राप्त है, पर उस पर चर्चा नहीं हुआ है, से संबंधित मामलों का संलग्न विभागों के पदाधिकारी की उपस्थिति में क्रमवार समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान मामलों से संबंधित कार्यवाही प्रतिवेदन को तय समयानुसार उपलब्ध करवाने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। लंबित मामले में कई विभागों द्वारा संवेदनशीलता के साथ अच्छा प्रयास किया गया है।समिति कृतकार्य से संतुष्ट है। बैठक के क्रम में पदाधिकारियों को संबोधित करते उन्होंने कहा सामूहिक प्रयास से जिला के विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य करें। उन्होंने कहा समीक्षा के क्रम में नगर निगम आदित्यपुर में सीवरेज ड्रेनेज के वर्तमान अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की गई है। विधायक सविता महतो के सिंचाई से जुड़े एक सवाल पर चर्चा नहीं हो पाया इसका कारण था कि जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी (प्रभारी) अनुपस्थित थे। उनसे उप विकास आयुक्त के माध्यम से अनुपस्थिति के कारण की मांग की गई है।



## बड़ानन्दा व भंनगाव पंचायत में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर प्रखंड के बड़ानन्दा पंचायत व भंनगाव पंचायत भवन में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस मौके पर बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ मनोज कुमार मिश्रा, बड़ानन्दा मुखिया हीरामनी केराई, कृषि वैज्ञानिक सनत सवैया,वही भंनगाँव मुंडा रामजीवन बेहरा, मुखिया सहित जेएसएलपीएस संगठन की महिला समूह स्वास्थ्य विभाग आदि मौजूद थे. बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम में ग्रामीण पहुंचे और सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का जानकारी लेने के साथ लाभ उठाएं. समाज के अंतिम छोर में खड़े लोगों को लाभ पहुंचाने का काम केंद्र सरकार कर रही है. बीडीओ व सीओ मनोज मिश्रा ने पंचायत में ग्रामीणों एवं पदाधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर शपथ दिलाते हुए केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी.



### बड़ानन्दा पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार जगन्नाथपुर प्रखंड के बड़ानन्दा पंचायत के मुखिया आवास के स्थित शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में मुख्य रूप से जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सचांनद सिंह ,जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा व मुखिया हीरामनी केराई, ग्रामीण मुंडा बलराम सहित वार्ड मेबर विकास केराई के द्वारा विधिवत्त दीप प्रजालित कर शुभारंभ किया गया. उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

## करीम सिटी कॉलेज एनसीसी का वार्षिक कार्यक्रम उद्घोष 2023 संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची में एनसीसी 2/37 झारखण्ड बटालियन एनसीसी का दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम उद्घोष 2023 का आज समापन हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के दरम्यान ड्रिल प्रतियोगिता, गार्डन ऑफ़ ऑनर, ठग ऑफ़ वार, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा रंगोली जैसे कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर सेक्रेटरी डा मोहम्मद जकरिया, प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज तथा एनसीसी ऑफिसर मेजर फखरुद्दीन अहमद और बतौर मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय आहूजा उपस्थित हुए। एनसीसी ऑफिसर मेजर अहमद ने दो दिनों में होने वाले कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभा को संबोधित किया और अपने कॉलेज के एनसीसी विभाग की सराहना की। उसके उपरांत मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य के हाथों क्रेडिट को पुरस्कृत किया गया।



## एहसास ने की नए कमिटी की घोषणा, अकरम बने अध्यक्ष, तनवीर बने महासचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था एहसास ने मंगलवार को अपने नए कार्यकारिणी की घोषणा की है. बैठक मानगो स्थित कार्यालय में हुई जिसमें संस्था के सभी सदस्यो ने भाग लिया। समिति के अध्यक्ष अकरम खान ने कहा कि बैठक में संस्था की नई कमिटी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी समिति के 2023-25 सत्र के लिए नए पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जो इस प्रकार है; सजीब सरदार (विधायक, पोटका) मुख्य संरक्षक, अकरम खान - अध्यक्ष, तनवीर अहसन (महासचिव), रनिता सरदार (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सद्दाम हुसैन (उपाध्यक्ष, संगठन), जकी अहमद (संयुक्त सचिव), सलमान फ़िरदौसी (संयुक्त सचिव, संगठन), मोहम्मद अनीस (कमिटी कॉर्डिनेटर), सैयद हयात अली (कोषाध्यक्ष)। **समिति सदस्य:** रमेश प्रसाद, वारिश खान, रज़ी, उल्लाह पठान, मासूम रज़ा, अभिषेक कुमार, तापस, कुणाल सन्निग्रही, राज गद्दी, आफताब आलम उर्फ राजू भाई, सैफुल्लाह खान, ख़ालिद वालिद, ओवेस खान और सैफ खान।



## सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरुकता सर्वेक्षण में कमी का खुलासा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनएफएक्स डिजिटल द्वारा सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 झांझ की जांच नामक एक स्वतंत्र सर्वेक्षण उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख सरसों तेल बाजारों में किया गया। सर्वेक्षण से उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी की कमी का पता चलता है। आश्चर्यजनक रूप से 85 प्रतिशत उत्तरदाता अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ - झांझ के स्तर से अनजान थे। इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने तीन अलग-अलग झांझ स्तरों के अनूठे चयन में अपना इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल क्रमश' माइल्ड, स्ट्रांग, और सुपर स्ट्रांग पेश किया है। इस संबंध में देबासिस भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने कहा कि प्रत्येक वैरिएंट पर झांझ प्रतिशत लेबल के साथ, इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल झांझ के स्तर के अनुसार एक लीटर पाउच के लिए 155 रुपये से 180 रुपये तक की कीमतों पर उपलब्ध है और दिसंबर 2023 से झारखंड सहित बंगाल, यूपी, बिहार आदि जैसे प्रमुख बाजारों में उपलब्ध होगा।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करके क्या हासिल होगा

देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुरा-भला बोलने का क्रम कांग्रेसी नेता टूटने नहीं देते हैं। इस बार राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए सोशल मीडिया के ट्रोलर वाली बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। राजस्थान के चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'पनौती' कहा और अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देते हुए कहा कि 'अच्छा भला वहां हमारे लड़के वर्ल्ड कप जीत जाते, लेकिन वहां पन्नौती ने हरवा दिया'। राहुल गांधी का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरत को तो दिखाता ही है लेकिन यह भी साबित करता है कि वे एक अपरिपक्व व्यक्ति हैं। 'पनौती' जैसी धारणा को स्वीकार्यता देकर उन्होंने देश में अंधविश्वास को बढ़ाने का भी काम किया है। इसके साथ ही उन खिलाड़ियों की प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम का भी मजाक बनाया है, जो विश्व कप प्रतियोगिता में लगातार जीत रहे थे। उनके इस बयान से यह भी स्पष्ट होता है कि उन्हें न तो राजनीति की समझ है और न ही क्रिकेट की। स्मरण रखें कि प्रधानमंत्री मोदी जब मैच देखने पहुँचे थे, तब हमारी टीम लगभग हार की कगार पर थी। कोई और प्रधानमंत्री या नेता होता, तो हार को सामने देखकर स्टेडियम में जाता ही नहीं। जैसे राहुल गांधी उन राज्यों एवं संसदीय सीटों पर प्रचार के लिए नहीं जाते, जहाँ कांग्रेस की पराजय स्पष्ट तौर पर दिखायी देती है। प्रधानमंत्री मोदी न केवल मैच देखने पहुँचे बल्कि पराजय के बाद एक अभिभावक की भाँति अपने खिलाड़यों का हाथ थामने और उनके कंधे पर हाथ रखकर उनको हौसला देने भी पहुँचे। संभव है कि भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम से प्रधानमंत्री मोदी की जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर कांग्रेस के नेता अपना संयम खो बैठे हों। क्योंकि राहुल गांधी ने जो कुछ कहा, उनके दूसरे नेता भी सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक भाषणों में वही कह रहे हैं। यानी एक तरह से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति यह नफरत कांग्रेस की नीति का हिस्सा दिखायी देती है। देश की जनता को यह भी समझने में कठिनाई हो रही है कि आखिर राहुल गांधी ने कौन-सी 'मुहब्बत की दुकान' खोली है? क्या यहाँ भी कांग्रेस ने घोटाला कर दिया है? 'मुहब्बत की दुकान' का बोर्ड लगाकर 'नफरत, घृणा और द्वेष' की थोक भाव में बिक्री की जा रही है। राहुल गांधी के बयान से मणिशंकर अय्यर की याद ताजा हो गई। क्योंकि यह बयान भी मणिशंकर के बयान से कमतर नहीं है। जिस प्रकार मणिशंकर अय्यर के बयान ने कांग्रेस को भट्टा बैठाया था, संभव है कि राजस्थान में राहुल गांधी का यह बयान कांग्रेस को बहुत पीछे धकेल थे। विधानसभा चुनाव में जहाँ कांग्रेस अब तक मुकाबले में दिख रही थी, वहीं अब वह जनता के आक्रोश का शिकार भी हो सकती है। याद रखें कि जब भी कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करने का प्रयास हुआ है, उसका उत्तर जनता ने अपने मताधिकार से दिया है। 2019 का लोकसभा चुनाव भी इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री को 'चौकीदार चोर है' कहकर, राहुल गांधी ने कांग्रेस का भारी नुकसान कराया था। गुजरात में सोनिया गांधी ने 'मौत का सौदागर' कहकर, कांग्रेस के पतन की पटकथा लिख दी थी। बहरहाल, यदि राहुल गांधी जय-पराजय का कारण 'पनौती' जैसी अवैज्ञानिक एवं अंधविश्वासी सोच को मानते हैं, तब उन्हें यह भी बताना चाहिए कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के पतन की 'पनौती' कौन है? किसके कारण कांग्रेस अर्श से फर्श पर आ गिरी है। बहरहाल, सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को अपनी जिम्मेदारी का अहसास करना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप और एक-दूसरे की आलोचना में भाषा की मर्यादा को बनाए रखने की आवश्यकता है। यदि नेता ही स्तरहीन भाषा का उपयोग करेंगे, तब उनके आम कार्यकर्ता किस स्तर पर जाकर बयानबाजी करेंगे, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। हमारे देश का संविधान कहता है कि हमें समाज में वैज्ञानक चेतना का प्रसार करना चाहिए। यदि नेता ही अवैज्ञानिक सोच और अंधविश्वास को स्थापित करेंगे, तब वे किस तरह संविधान की रक्षा कर पाएंगे। यह तो एक तरह से संविधान की अवमानना, संविधान के विचार को कमजोर करना और संविधान को दरकिनार करना है।

> राजस्थान के चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'पनौती' कहा और अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देते हुए कहा कि 'अच्छा भला वहां हमारे लड़के वर्ल्ड कप जीत जाते, लेकिन वहां पन्नौती ने हरवा दिया'। राहुल गांधी का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरत को तो दिखाता ही है लेकिन यह भी साबित करता है कि वे एक अपरिपक्व व्यक्ति हैं। 'पनौती' जैसी धारणा को स्वीकार्यता देकर उन्होंने देश में अंधविश्वास को बढ़ाने का भी काम किया है। इसके साथ ही उन खिलाड़ियों की प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम का भी मजाक बनाया है, जो विश्व कप प्रतियोगिता में लगातार जीत रहे थे। उनके इस बयान से यह भी स्पष्ट होता है कि उन्हें न तो राजनीति की समझ है और न ही क्रिकेट की। स्मरण रखें कि प्रधानमंत्री मोदी जब मैच देखने पहुँचे थे, तब हमारी टीम लगभग हार की कगार पर थी। कोई और प्रधानमंत्री या नेता होता, तो हार को सामने देखकर स्टेडियम में जाता ही नहीं। जैसे राहुल गांधी उन राज्यों एवं संसदीय सीटों पर प्रचार के लिए नहीं जाते, जहाँ कांग्रेस की पराजय स्पष्ट तौर पर दिखायी देती है।

## कुछ अलग

# सुरंग संकेत देती है

बारह नवंबर को जब लोग दीपावली के त्योहार की खुशी मना रहे थे। तब सुबह साढ़े पांच बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिल्क्यारा से बड़कोट की तरफ चारधाम ऑल वेदर रोड हेतु निर्माणाधीन 4.5 किलोमीटर सुरंग में भारी भू-धंसाव के कारण 40 से ज्यादा मजदूर जिंदगी और मौत के बीच फंस गए, जो अब तक निकाले नहीं जा सके हैं। दुखद है कि मजदूरों को दिवाली वाले दिन भी इतने जोखिम भरे काम पर लगाया गया। सुरंग के मुहाने से 230 मीटर आगे 60 मीटर की लंबाई में मलबा भरने के कारण अंदर फंसे मजदूर किस स्थिति में जी रहे होंगे, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। यह घटना सवाल पैदा करती है कि विकास कार्यों व हिमालय की संवेदनशीलता के बीच संतुलन कैसे स्थापित हो। वैज्ञानिक युग की मशीनों की ताकत पहाड़ की संवेदनशीलता के सामने बौनी पड़ रही है, क्योंकि ड्रिलिंग कार्य में बड़े पत्थर बाधा बन रहे हैं। वहीं अंदर मलबे में दबी मशीनें भी अवरोध बन रही हैं। निर्माण कार्यों में मजदूरों के अधिकार और उनकी जीवन रक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसके लिए उपाय किए जाने चाहिए। एक समस्या यह है कि जोखिमपूर्ण स्थितियों में मीडिया और अन्य के दबाव में प्रभावितों की सूची तो बाहर आती है, लेकिन मजदूरों को काम पर लगाने से पहले उनके बारे में जो जानकारी, जैसे श्रम विभाग में पंजीकरण आदि, निर्माणकर्ताओं के पास होनी चाहिए थी, वह उपलब्ध नहीं हो पाती है। यदि सुरंग का निर्माण विस्फोटों से होता है, तो वह मजदूरों के लिए इसी तरह जानलेवा साबित हो सकती है। विस्फोटों का इतना दुष्प्रभाव है कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन (126 किलोमीटर) के लिए खोदी जा रही सुरंग के ऊपर लगभग 30 गांव के घरों में दरारें आ चुकी हैं। जल स्रोतों पर प्रभाव पड़ रहा और जमीन की नमी भी सूख रही है। इस सुरंग में पहले भी भूस्खलन की सूचनाएं आती रही हैं। यदि यहां ह्यूम पाइप भी लगे होते, तो फंसे हुए मजदूरों को तत्काल बाहर निकाला जा सकता था। सिल्क्यारा सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटना कोई नई नहीं है। इससे पहले भी 2021 में बद्रीनाथ के पास ऋषि गंगा में आई भीषण बाढ़ के कारण तपोवन सुरंग के अंदर जमा हुए भारी मलबे में 206 मजदूरों की जान चली गई थी। 1991 के उत्तरकाशी भूकंप में मनेरी भाली सुरंग के ऊपर बसे हुए जामक गांव में दर्जनों लोग मारे गए थे। वर्ष 2005 में जोशियाडा-धरासू सुरंग में भी 20 श्रमिक करीब 14 घंटे तक फंसे रहे। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के समय भी सुरंग परियोजनाओं के मलबे के कारण ही भीषण तबाही हुई थी। इस वर्ष जोशीमठ में हुए भू-धंसाव का कारण भी स्थानीय लोग इसके नीचे सुरंग निर्माण को ही मानते हैं। उत्तराखंड में सुरंग आधारित परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के तेज प्रयास हो रहे हैं। पिछले दिनों देहरादून में दुनिया भर के सुरंग विशेषज्ञों ने इस विषय पर चर्चा की है। अब रानीपोखरी से टिहरी झील तक 32 किलोमीटर सुरंग निर्माण की तैयारी चल रही है। मसूरी के नाग मंदिर रोड से छतरी बैंड कैंप्टी रोड तक सुरंग के लिए सर्वे हुआ था। लेकिन सुरक्षा कारणों से ही इसे रोकने की बात कही जा रही है। घुत्तू से गुप्त काशी तक 11 किलोमीटर की सुरंग है।

## इजरायल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी तरफ हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा

# इजरायल-हमास टकराव में युद्ध का मैदान बनता अस्पताल

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> आज गाजा पट्टी का अल-शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजरायल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है, वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता। जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिए हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजरायल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है।

मानव इतिहास में शायद यह पहला उदाहरण होगा जब हॉस्पिटल युद्ध का मैदान बना हो। इजरायल-हमास युद्ध में यही हो रहा है। आज गाजा पट्टी का अल-शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजरायल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है, वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता। जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिए हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजरायल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है। वहां से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी मिला है। दूसरी ओर निर्दोष नागरिक जान गंवा रहे हैं। इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं। एक तरफ हॉस्पिटल क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई के लिए इजरायल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी तरफ हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा है। दरअसल 7 अक्टूबर को हमास ने जिस तरह से इजरायल पर मात्र 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दाग कर इजरायल सहित सारी दुनिया को सकते में ला दिया था। जिस तरह से हमास का हमला हुआ उससे इजरायल ही नहीं अपितु सारी दुनिया सकते में आ गई। इसका कारण भी है। इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र, प्रतिरक्षा, और सैन्य व्यवस्था की सारी दुनिया लोहा मानती रही है। हमास द्वारा अचानक एक साथ पांच हजार राकेट दागना और उसके बाद लगातार एक दूसरे में युद्ध जारी रहना इजरायल के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हालात है। इजरायल सीधे-सीधे इसे अपनी तौहीन समझ रहा है तो उसकी प्रतिष्ठा पर दुनिया के देशों के सामने आंच आई है। जानकारों की मानें तो हमास के इस हमले में ईरान का हाथ है। ईरान नहीं चाहता कि इजरायल और सउदी अरब के बीच आपसी सुलह हो जबकि अमेरिका दोनों देशों के बीच सुलह या यों कहें कि सहमति करवाना चाहता है। एक तरह से ईरान अमेरिकी प्रयासों को विफल करने में जुटा है।



दरअसल हमास फिलिस्तीनी राजनीतिक व सैन्य संगठन है। यह भी कहा जा सकता है कि यह फिलिस्तीन का चरमपंथी सैन्य संगठन है। 1987 के बाद यह संगठन अस्तित्व में आया है और यह अपने आप में एक शक्तिशाली चरमपंथी संगठन के रूप में विकसित हो चुका है। गाजा पट्टी जानकारों की मानें तो इस क्षेत्र में हमास ने सुरंगों का जाल बिछा रखा है। कौन-सा मेन होल या दरवाजा किस सुरंग का रास्ता है यह पता करना आसान नहीं है। वहीं सुरंगों का यह जाल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। अनजाने में यहां प्रवेश करना घातक इस मायने में है कि कब कहां विस्फोट हो जाए अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। जानकारों की मानें तो गाजापट्टी क्षेत्र में चारों तरफ सुरंगों का नेटवर्क फैला हुआ है और यहां से चरमपंथी गतिविधियों के साथ ही रणनीति तैयार करने से लेकर उसे अंजाम देने का नेटवर्क संचालित हो रहा है। माना जा रहा था कि इजरायल के आगे हमास अधिक दिनों तक संघर्ष नहीं कर पायेगा पर इसके उलट लगभग 40 दिन से अधिक होने के बाद भी जंग कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी और इजरायल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार है। इनमें निर्दोष और बच्चों तक के मरने के समाचार है।

हास्पिटल का युद्ध क्षेत्र में तब्दील होना अपने आप में गंभीर है। इसे किसी भी हालात में सही नहीं ठहराया जा सकता। 1949 के जनेवा कन्वेंशन के अनुसार शिक्षा संस्थान यानी की स्कूल, हॉस्पिटल और धार्मिक स्थानों को युद्ध के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। दुनिया के देष इसी का हवाला देते हुए इजरायल की आलोचना कर रहे हैं तो इजरायल का कहना है कि हमास हास्पिटल को सुरक्षा ढाल बनाकर आतंकवादी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इजरायल का यह भी दावा है कि इजरायल द्वारा 12 घंटे का नोटिस देकर इस क्षेत्र को आतंकवादी गतिविधि मुक्त करने को कहे जाने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। इजरायल का यह भी कहना है कि हमास द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के संचालन के लिए अस्पताल क्षेत्र का उपयोग इंटरनेशनल लॉ का खुले आम उल्लंघन है। उसका यह भी दावा है कि अस्पताल में आवश्यक उपकरण, दवाएं आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि अस्पताल की गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके। सवाल यह नहीं है कि कौन गलत है या कौन सही? सवाल सीधा यह है कि किसी भी देश या संगठन को नैतिकता के सामान्य सिद्धांतों और इंटरनेशनल मानकों की अवहेलना की अनुमति दी जा सकती। दुनिया के देशों के सामने एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आपसी संघर्ष अब कुछ घंटों या दिनों में समाप्त होने वाला नहीं रह गया है। शक्तिशाली रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका उदाहरण है तो हमास-इजरायल संघर्ष भी इसी दिशा में बढ़ता हुआ है। एक समय था जब यह माना जाने लगा था कि भविष्य के युद्ध चंद घंटों के होंगे वह मिथक पूरी तरह से टूट गया है। इंटरनेशनल हालात से एक बात और साफ हो गई है कि यूएनओ अपना वर्चस्व व पहचान खोता जा रहा है। यूएनओ की दशा और दिशा दोनों पर ही मंथन की आवश्यकता है। जब अस्पताल जैसे क्षेत्र आतंकवादी गतिविधियों और सैन्य प्रतिक्रिया के केन्द्र बनते जा रहे हैं तो इंटरनेशनल लॉ और सहमति व उसकी बात बेमानी होगा। कौन दोषी है या कौन निर्दोष, इससे इतर दुनिया के देशों, बुद्धिजीवियों, शांतिवादी शक्तियों व गैरसरकारी संगठनों को आगे आकर इस पर गंभीर चिंतन मनन करना होगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सीसीएल सिरका लोकल सेल से साढ़े सात हजार मजदूरों को मिल पाएगा रोजगार

**प्रबंधन खदान से कोयला उठाने के तैयारी में लगा, वर्तमान में लोकल सेल के माध्यम से कोयला बेचेगी कंपनी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका कोलयरी को बीते साढ़े चार सालो के बाद झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ मिल चुंका हैं। जिससे क्षेत्र के कामगारों, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के प्रति आशा जगी हैं। बताया जाता हैं कि इससे तकरीबन लोकल सेल के पांच सौ दंगल के साढ़े सात हजार गाड़ी भरने वाले मजदूरों को लाभ मिल पाएगा। इससे अरगड्डा- सिरका के बाजारों की रौनक बढ़ेगी। इधर स्थानीय सिरका प्रबंधन कोयला उत्पादन करने के लिए तैयारी में जुटा हैं। खुली खदान एक नंबर में बिजली पंप स्विच व अन्य कलपुर्जो को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा हैं। कोलयरी एसओएम राकेश कुमार ने बताया कि आगामी दिसंबर माह से कोयला उत्पादन होने की संभावना हैं। लोकल सेल के माध्यम से कोयला बेचने की तैयारी हैं। वहीं कोयले उठाव के लिए कोयला डीओ आने के बाद लोकल सेल से कोयला ले जाने की व्यवस्था बन पाईगी। सूत्र बताते है कि सिरका के पास



आवश्यक भारी मशीन की कमी हैं। जो टेंकर, हांलपैक, शांवेल मशीन, ग्रेडर आदि शामिल हैं।

**कहंते प्रतिनिधिगण**

बीते दिनो भाकपा माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया ने हजारो लोकल सेल कामगारों को रोजगार सेल से जल्द खोलकर देने की मांग किया था। जबकि कांग्रेस के जिला रामगढ़ महासचिव समसुद खान ने भी लोकल सेल से बेरोजगारों को रोजगार देने का बिंगुल बजा दिया हैं। ग्रामीण समाजसेवी सह आजप प्रतिनिधि शत्रुधन बेदिया ने कहां की युवाओं के हाथो को सेल से रोजगार मिलना चाहिए। वहीं लोकल सेल सिरका संचालन समिति के सदस्यों ने जीएम अरगड्डा से मिलकर सीटीओ आने पर बधाई दिया। साथ ही लोकल लोडिंग में अधिक कोयला देने की मांग रखी।

**पुराने खदान से पहले उठेगा करीब 38 लाख टन कोयला ओबी**

प्रबंधन सूत्रों की माने तो बीते वर्ष 2019 के पुराने खुली खदान में पड़े मिट्टी से ढ़के कोयला ओबी उठाने का कार्य किया जाएगा। इसमें अनुमान है कि करीब 38 लाख टन से भी अधिक कोयला उत्पादित होगा। जबकि नये खदान पैच से लगभग 20 लाख टन से भी आगे उत्पादन होने की संभावना हैं।

**नेता श्रेय लेने के लिए कर रहे प्रचार**

सिरका सीटीओ मिलते ही सोशलमीडिया के माध्यम से श्रेय लेने के होड़ में खास यूनियनो के नेता प्रचार आरंभ कर चुंके हैं। इसमें प्रबंधन अधिकारियों को छोड़ नेताजी को सहयोग करने वाले सदस्य लगातार गुणगान करने में लगें हैं। वहीं दूसरी ओर लोग सीटीओ आने की प्रक्रिया व प्रबंधन के सकारात्मक पहल को भलीभांति समझ रहें हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने गोला में चलाया वाहन चेकिंग आभियान

**नियमों के उलंघन करने वालों से वसूला गया जुर्माना**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गुरूवार को गोला थाना गेट के समीप पुश्अश्निश्अमित कुमार मरांडी के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों में चलने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच किया गया। जांच आभियान के क्रम में हेलमेट, ट्रिपल लोड, शीट बेल्ट, ओवर लोड तथा कागजात की जांच किया गया। इस दौरान कई वाहन चालकों को शीट बेल्ट लगाने वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने तथा अन्य ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिया गया। इस दौरान नियम के उल्लंघन करने वालों को ऑफ लाइन के द्वारा 11 वाहनों से 11000/ रुपए तथा ऑनलाइन के द्वारा 14 वाहनों से 18000/रुपए वसूले गए तथा आइंदे के लिए हिदायत देकर छोड़ दिया गया।मौके पर सश्अश्र निश्र शंकर प्रसाद, आरक्षी चंदन सिंह, योगेंद्र मरांडी आदि मौजूद थे।

## मनरखन महतो बी एड कॉलेज में कम्बल, पाठ्य सामग्री का वितरण व भोजन का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** गुरुवार को मनरखन महतो बी.एड.कॉलेज में एन एस एस इकाई के अन्तर्गत जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण कर छोटे-छोटे जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वितरण समारोह कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया गया जिसके मुख्य अतिथि कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो एवं विशिष्ट अतिथि केदल पचांयत के मुखिया राहुल मुण्डा के द्वारा कम्बल वितरण कर किया इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष ने बताया कि सेवा ही मेरा धर्म है और भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों को सहयोग करता रहूंगा।इस मौके पर उर्मिला देवी, विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, निदेशक मनोज कुमार महतो, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी, एवं प्राचार्य डॉ0 दूधेश्वर महतो ने जरूरतमंदों को कम्बल एवं पाठ्य सामग्री वितरण किया। लगभग 150 जरूरतमंद लोगों को कम्बल, पाठ्य सामग्री वितरण एवं भोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक ज्योति बाला के द्वारा किया गया, इस दौरान शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे ।

## श्री श्री पटवा हनुमान मंदिर प्रोजेक्ट में जागरण के साथ धूमधाम से हुआ 38 वां समापन समारोह संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर के 38 वां स्थापना दिवस विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ जिसमें हजारों लोगों ने भंडारा प्रसाद को ग्रहण किया और देर शाम मंदिर स्थल पर धार्मिक जागरण का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रूप में गिरिडीह सांसदचन्द्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए विधिवत रूप से जागरण का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया,साथ मे रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, सेवई पंचायत के मुखिया एवं हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह,वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, आदि के गण मन लोग शामिल हुए इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज हनुमान मंदिर का 38 वन वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है इसमें रजरप्पा प्रोजेक्ट कॉलोनी वासी सहित पास पड़ोस के ग्रामीणों का काफी सहयोग मिला धर्म के प्रति जागरण हुआ और आस्था का का यह स्थल स्थानीय लोगों के लिए एक मिसाल बनकर तैयार है जो की रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी का एक ऐतिहासिक मंदिर जहां पर वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता फैलती है और लोग आस्था एवं विश्वास के प्रति समय समय पर नस मस्तक बनकर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद पूजा अर्चना कर आस्था का प्रतीक बनते हैं बने रहते हैं किशुन साव,अनुराग भारद्वाज,योगेंद्र महतो,ज्वाला सिंह,महावीर साव सहित समिति के लोगों के साथ काफी संख्या में महिला तथा पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एसवीएम सिरका के उपप्राचार्य मुरलीधर हुए सेवानिवृत्त, उज्जवल भविष्य की कामना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में गुरुवार को स्कूल से 35 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए उपप्राचार्य मुरलीधर पाठक को माला पहना, शांल ओढ़ा, मेमोंटो दे सम्मानित कर विदाई दी गई। समारोह में मुख्य रूप से विद्यालय सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एसएन तिवारी उपस्थित थे। प्राचार्य कुमार विमलेश, आचार्यगणों, अतिथियों व कक्षा 12वीं के भैया सिद्धार्थ कुमार, नौवी के बहन वैष्णवी कुमारी, बहन काजल कुमारी आदि के द्वारा उपप्राचार्य मुरलीधर जी के प्रति पठन-पाठन संबंधी विचार प्रस्तुत किए गये। सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना की। आशीर्वचन प्राचार्य कुमार विमलेश के द्वारा किया गया। अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, कर्मचारी, भैया बहन उपस्थित थे।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आए सभी आवेदनों का निपटारा करें ममता देवी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखण्ड के कुल्ही पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में रामगढ़ पुर्व ममता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को पक्के मकान मिलें इसके लिए पहले चिन्हित करे तब उन्हें लाभ दे उन्होंने कहा कि शिविर में बैंक वाले का भी एक अलग से स्टॉल लगाया जाए ताकि लोगों को स्वराज सहित अन्य योजना का लाभ मिल सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि लाभुकों को प्रखंड कार्यालय तक ना जाने पड़े। इसके लिए लाभुकों के आवेदन के अनुरूप जल्द से जल्द निपटारा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि इसका लाभ लोगों को मिल सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहा सभी योजना को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि इसका लाभ लोगों को मिले यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक राशन कार्ड जॉब कार्ड कंबल धोती साड़ी प्रधानमंत्री आवास अम्बेडकर आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कार्यक्रम के बारे लोगो को जानकारी दी। मौके पर कुल्ही पंचायत की मुखिया चुडगी देवी उर्मिला देवी रंजु देवी अमरुन निशा दिलीप शर्मा रामकिशुन भोक्ता आदि उपस्थित थे।

## सेल संचालन समिति सिरका ने जीएम से की मुलाकात 50 प्रतिशत कोयला सेल में देने की रखी मांग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल संचालन समिति सिरका के सदस्यों ने गुरुवार को अरगड्डा महाप्रबंधक सुंधाशु कुमार पांडेय से मुलाकात किया। अवसर पर सीटीओ आने पर बधाई। जबकि ग्रामीण बेरोजगार मजदूरों को रोड सेल में उत्पादन के 50 प्रतिशत कोयला देने की मांग किया। वहीं



प्रबंधन ने आश्वासन देते हुए कहा कि हमारी सोच ग्रामीण मजदूरों को लेकर चिंतित हैं। मौके पर सेल समिति अध्यक्ष बैजनाथ मिस्त्री, उपाध्यक्ष जगनारायण बेदिया, सचिव कालीचरण महतो, कोषाध्यक्ष राजेश बेदिया उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत कोने गाँव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलायी गयी। लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आपलोगों को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में कई लाभुकों ने योजना का लाभ लेने के बाद अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के बारे लोगों को बताया।इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाया गया। आयोजित स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से लोगों के बीच निःशुल्क दवाईयों का वितरण व लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।प्रखंड प्रमुख के द्वारा 2 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए और पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, वन धन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, फसल बीमा योजना, पीएम कृषि सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, गरीब कल्याण योजना, खेलो इंडिया, नैनो फर्टीलाईजर, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, पोषण अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन औषधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वायल हैल्थ कार्ड योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सौभाग्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय अन्न योजना व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। तथा इसके लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया गया। आईईसी वैन के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

# बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबन्ध पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखण्ड के सभी बीएलो द्वारा मतदान केंद्रों कैंप कर 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीडीओ कुमारी ने सदर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 68, व 69 पर पहुंचे जहां 97 वर्षीय जगदेव महतो, व 87 वर्षीय सनीचरी देवी को फुल व ठंड से बचने को लेकर कंबल देकर सम्मानित किया। मौके पर सुप्रवाईजर प्रकाश कुमार, सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ ही साथ बीएलो मौजूद रहे।

## अज्ञात बुलेरो के टक्कर में घायल हुई रूखसाना की इलाज के दौरान मौत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के लिपदा सुगवा टांड की रूखसाना खातून, पति स्व. फकरुद्दीन की मौत एक अज्ञात बुलेरो के टक्कर मारने से तड़के बीते बुधवार रात्रि रांची जाने के क्रम में हो गयी है। जहां सिमरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया है। वहीं इस तरह सड़क दुर्घटना में असमय मौत से परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुशार मृतक महिला रूखसाना खातून न्यायालय में एक केश के मामले में ससुर के साथ लूना से चतरा गयी थी। जहां चतरा से लौटने के क्रम में देल्हो बिराज पुर प्लांट के करीब पहुंचते हीं विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बुलेरो ने टक्कर मार कर फरार हो गया। जहां ग्रामीणों के मदद से 108 एम्बुलेंश बुला कर रेफरल अस्पताल लाया गया। मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गम्भीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल हजारीबाग के चिकित्सकों ने भी बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे। कि रामगढ़ के करीब पहुंचते हीं रूखसाना की मौत हो गयी। इधर गुरुवार की सुबह होते हीं यह खबर आग की तरह फैल गयी। वहीं सिमरिया पुलिस पहुंच कर मामला को देखते हुए अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौप दिया गया है। बता दें कि 6 से 7 वर्ष पूर्व लिपदा सुगवा टांड निवासी मो फकरुद्दीन अंसारी का टेम्पू सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। मृतिका रूखसाना गरीबी के कारण मजदूरी कर तीन पुत्र एवं एक पुत्री की जीवन यापन एवं पढाई लिखाई कर रही थी। अब इस तरह मौत से चारों बच्चों के सर से माँ पिता का सर से साया उठ गया है। बच्चे बिल्कुल अनाथ हो चुके हैं।

## बोरोबिंग पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, विधायक हुई शामिल



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोरोबिंग स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि बोरोबिंग मुखिया बसंती देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और कई दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विधायक और मुखिया ने कई लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। इधर, पूर्व विधायक ममता देवी ने भी शिविर का जायजा लिया और स्टॉलों का निरीक्षण कर कई दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में बीडीओ ज्ञानमणि एक्का, सीओ दीपक मिंज, झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, लक्ष्मण महतो, युगेश महतो, खुदीराम महतो, विमल करमाली, पूर्व मुखिया नीना देवी, पंसस सतीश कुमार, सरिता देवी, बीपीओ कुमार विवेक, ब्रह्मानंद पाठक, अनिल महतो, रविंद्र महतो, पंचायत सचिव सुमित कुमार सिन्हा, नेमचंद करमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र के सौजन्य से जिला स्तरीय किशोरियों को उच्च शिक्षा हेतु कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय किशोरियों के उच्च शिक्षा हेतु प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन बन्हें पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम में चतरा जिला के पांच प्रखंड सिमरिया, टंडवा, पत्थलगड़ा, गिद्धौर और चतरा सदर के 70 लोग शामिल हुए। एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी, जबड़ा मुखिया वीणा देवी, सबानो पंचायत के पंचायत सचिव करुणा जी शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्था सचिव मौसमी बाखला ने बताया की लड़कियों को यदि पढ़ने का अवसर दिया जाए तो, वह हमेशा आगे रहेगी किंतु लड़कियों को जन्म से बोझ माना जाता है। जिस कारण माता -पिता का एक उद्देश्य रह जाता है की लड़कियों की शादी कर बोझ को हल्का करें, और इसी कारण से लड़की शिक्षा से वंचित रह जाती है। साथ ही संस्था अध्यक्ष ने बताया कि लड़कियों को विभिन्न प्रकार की हिंसाओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनके साथ रूढ़िवादी परंपराओं का चलन के कारण भेदभाव किया जाता है। सभी अतिथियों ने कहा कि यदि अभिभावक का सपोर्ट मिले तो लड़कियों को शिक्षा जरूर मिलेगा। अतिथिओं ने कहा कि विद्यालयों में बहुत सारे सुविधा मिलती हैं और लोक प्रेरणा केंद्र के माध्यम से अनेक कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के साथी प्रतिमा, रानी, प्रगति, भूमिका, साक्षी, प्रवेश सिंह, बजरंगी गंझु, कविता देवी ने अपनी भूमिका निभाई।

## जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो, पूजा महतो पत्थलगड़ा फाइनल मैच में शामिल होंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** वीर स्वतंत्रता सेनानी एवं 1857 ई क्रांतिकारी शहीद जय मंगल पांडे सह शहीद नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन पत्थलगड़ा प्रखंड में मैच के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए समाज सेवी, आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान के अथक प्रयास से लगातार तृतीय बार फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन मौलाना महफूज रहमान के नेतृत्व में 15 अगस्त को मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्यालय के प्रसिद्ध मैदान स्व उमाकांत पाठक उर्फ लालू मैदान में किया गया था जो चतरा जिला का एक मात्र फुटबॉल टूर्नामेंट मैच जो इतने लंबे समय तक एवं सबसे बड़ी पुरस्कार वाली मैच जिसमें प्रथम विजेता टीम को 51000 एवं दूसरी विजेता टीम को 31000 एवं तृतीय स्थान विजेता को 21000 टीम को शील्ड एवं पुरस्कार से फाइनल मैच का आयोजन 2 दिसंबर दिन को किया जाएगा जिसका मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के साथ पूजा महतो फाइनल मैच में शामिल होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने सभी प्रखंड के खेलप्रेमियो से अपील किए इस मैच में पहुंचकर खिलाड़ियों का मनोबल बड़ाए और जयराम महतो, पूजा महतो की बातो को सुने।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को मिल रहा है सीधा लाभ : जोसिमा खाखा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकर टांड़ के करूसकेला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य जोसिमा खाखा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की सोंच के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे हजारों हजार झारखंड के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक भूषण बाड़ा के निर्देश पर प्रशासन महत्वकांक्षी योजनाओं को पोटली में बांधकर आपके द्वार तक पहुंच रहे हैं। आप सभी ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में परेशानी होने पर तुरंत उनसे अथवा विधायक भूषण बाड़ा से सम्पर्क करें। ताकि आपकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जा सके। मौके पर जोसिमा ने ग्रामीणों के बीच परिसम्पत्ति का भी वितरण किया। उन्होंने शिविर में लगे स्टोल का भी निरीक्षण किया। साथ ही विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी ली। वहीं गई बुजुर्गो के बीच कम्बल का भी वितरण किया। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी अजित लकड़ा, मुखिया डोमर, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सुरेश केरकेट्टा, पनुवेल लकड़ा, अशीशन लकड़ा, राजमुनि देवी, प्रफुलित सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विनोद यादव के पहल से बचाई गई महिला की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक के पास अज्ञात मोटरसाइकिल कि धक्के से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। और महिला वहीं पर तड़पती रही मदद के लिए चिल्लाती रही मगर किसी ने मदद करने के लिए आगे नहीं आये। मुकदर्शक बन तमाशा देख रहे थे। वहीं टीएलवी के विनोद यादव को इसकी जानकारी मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला की स्थिति को देखते हुए उन्होंने अपने निजी वाहन से महिला को लातेहार सदर हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद फिलहाल महिला ठीक है। वहीं विनोद यादव ने कहा कि महिला को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा था फिर भी किसी ने आगे नहीं आये। आगे उन्होंने सभी लोगों से मदद कि अपील किया। वहीं महिला के परिजन के साथ साथ अस्पताल कर्मियों ने भी धन्यवाद दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया शुभारंभ लोगों ने लिया शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर से बृहस्पतिवार को विकसित भारत हो जिसे लेकर यात्रा निकाली गई। एवं कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। यह कार्य गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए नजीर रामदेव ठाकुर ने बतलाए। जहां जेएसएलपीएस से जुड़े दीदीयों ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के तहत हमारा संकल्प विकसित भारत हो, भारत माता की जय नारा लगाए। तो वही भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। देश की समृद्धि विरासत पर्व गर्व करेंगे।भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगें और देश की रक्षा करने वाले का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे जैसे लोगों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित उपमुखिया मंजू देवी वार्ड सदस्य ममता कुमारी सुषमा देवी समाजसेवी अभिनंदन पांडेय उपेंद्र दांगी बबलू कुमार साव विकास कुमार दांगी अजय कुमार यादव प्रकाश दांगी रुपलाल दांगी जेएसएलपीएस से बैंक सखी निर्मला देवी बीआरपी विजय रजक एवं दर्जनों महिला पुरुष सम्मिलित थे।

## ग्रिनगोला से नवजात शिशु बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू बस स्टैंड स्थित ग्रिनगोला से ग्रामीणों ने एक नवजात शिशु रोता हुआ पाया। घटना की खबर सुनकर, नवजात शिशु को देखने के लिए धीरे धीरे ग्रामीणों एवं राहगिरों की भीड़ ईकट्ठा हो गई। इसी दौरान ग्रामीणों ने नवजात शिशु को फेंकने वाले दो महिला एंव एक पुरूष को पकड़ा और पुछताछ करते हुए घटना की सूचना चना थाना को दिया। सूचना पाकर थाना के एएसआई द्वारिका नाथ पांडे महिला पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सख्ती से पुछताछ करते हुए। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से दूरभाष से वार्ता कर जच्चा बच्चा एवं साथ में रह रहे एक महिला व एक पुरूष को अपने वाहन से बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस घटना के संबंध में नवजात शिशु को फेंकने में शामिल मंगरू उरांव ने बताया कि मैं हेरहंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कशमार के रहने वाला हुं। मैं अपनी पत्नी सुजिता देवी और कशमार के बसरिया टोला स्थित खैराटांड निवासी स्वर्ग कामेश्वर उरांव की पत्नी सुनिता मसोमात के साथ हजारीबाग के इचाक ग्राम के क्रेशर में पत्थर फोड़ने का काम करते हैं। इसी बीच सुनिता के साथ मेरा संबंध रहा। जिसके सुनिता गर्भवती हो गई जो बीते रात बारियातू बस स्टैंड के समीप यात्री सेड़ में मेरी पत्नी ने प्रसव कराया। प्रसव के पश्चात हम तीनो ने योजना बना कर नवजात बच्ची को फेंक दिया था। नवजात शिशु के संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बड़ाईक से बात करने पर बताया कि नवजात को स्वास्थ्य जांच कर लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का हुआ स्वागत



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी का गुरुवार को बोकारो से रामगढ़ पहुंचने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्वागत कियाद्यविदित हो की बीजेपी जिला कार्यालय रामगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थेद्य वही प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के पश्चात वे रांची लौट गएद्य वही बीजेपी नेता बबली सिंह,अंकित सिंह,राहुल पासवान, सौरभ सिंह एवं सुभम गिरी,बबलू सैनी ने उनका स्वागत कियाद्य इस दौरान अमर कुमार बावरी ने झामुमो कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोलाद्यउन्होंने कहा की आज हेमंत सरकार के द्वारा सभी झारखंड वासियों के आंखो में धूल झोंकने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा हैद्यपिछले वर्ष चलाए गए इस कार्यक्रम में प्रदेश की भोली भाली जनता ने कई समस्याओं को इनके समक्ष रखा , लेकिन उनकी फाइले आज सीओ ओर बीडीओ कार्यालयों में धूल फांक रही हैद्यसरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए हेमंत सोरेन राज्य का करोड़ों रूपया बर्बाद कर रहे हैद्य प्रदेश की जनता इनके झूठ को भली भांति समझ चुकी है ओर अब इनके झांसे में आने वाली नही हैद्य झारखंड के आदिवासियों और मूलवासीयों को झूठे सपने दिखाकर सत्ता पाने वाले हेमंत सरकार के राज में सबसे ज्यादा शोषण आदिवासियों और मूलवासियों का ही हो रहा हैद्यवे डर के साए में जी रहे है। हेमंत सरकार अब कुछ भी कर ले 2024 में इनका जाना तय हैद्य वही इस मौके पर रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पुजा कुमारी एवं जिला प्रशासन के लोग मौजूद थे।

### रेंची जतरा टांड़ में हुआ ग्राम सभा का आयोजन

## टीवीएनएल कोल ब्लॉक कंपनी को रैयतों ने जमीन नहीं देने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के बनहरदी पंचायत के ग्राम रेंची में गुरुवार को ग्राम प्रधान बिगु उरांव की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन सुशील उरांव ने की। सभा में रेंची, रजवार, डड़यांग के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम सभा में मौजूद थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कंपनी को कोयला खदान खोलने के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया। बताते चलें कि सरकार ने टीवीएनएल पावर प्लांट के लिए रजवार कोल ब्लॉक आवंटित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार कंपनी अपने कुछ स्थानीय कर्मचारियों के माध्यम से जमीन तथा पेड़ पौधे का सर्वे करवा कर सरकार को स्थिति से अवगत करा दिया है। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी मिली तभी से समय समय पर बैठकें आयोजित करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को ग्राम प्रधान बिगु उरांव व ग्राम प्रधान बिन्देश्वर उरांव की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया सभा को बिनेशर उरांव ग्राम प्रधान रजबार, बाबूलाल उरांव डड़यांग के साथ संतोष भगत बनहरदी, कृष्णा यादव डड़यांग, रिना देवी रेंची, सोनिसया कुमारी रेंची और अन्य ने संबोधित किया। मौके पर बीरेन्द्र उरांव,नरेश उरांव,चंद्रदेव उरांव समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं से मिले डीसी स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबू इमरान ने जिले के हंटरगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 80 वर्ष के अधिक उम्र के मतदाताओं से मिलने उनके घर पहुंचे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज 11:00 बजे से 12:00 बजे तक # SeniorVotersVoice हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने हंटरगंज प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत के बूथ संख्या 7 में 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकरी ली और उन्हे सम्मानित किया। साथ ही मतदान के महत्व को बताया। उन्होने उपस्थित आम जनों से भी अपील किया कि अगर मतदाता सूची में आपका नाम छुटा हुआ है तो वे अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ व मतदान केन्द्र पर जाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराएं। इस मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हंटरगंज क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरावाईजर समेत संबंधित उपस्थित थे।बताते चले कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0, सुपरावाईजर अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर उन्हे सम्मानित किया।

## महिला के ऊपर हो रहे हिंसा को लेकर 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वाभिमान संस्था द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक कर 16 दिवसीय अभियान का शुरुआत की जिसमें स्टेट होल्डर, थाना प्रभारी, संस्था साथी उपस्थित थे साथ ही कैंडल मार्च निकालकर महिलाओं ने अपने ऊपर हो रहे हिंसा के खिलाफ बुलंद आवाज पारजोरिया में लगाया। कार्यक्रम के दौरान 30.11.2023 को दीवार लेखन कई सरकारी दीवारों में करके लोगों तक हिंसा के खिलाफ संदेश पहुंचाने के लिए कई स्लोगन जैसे असमानता से सामानता सब की गिनती एक समान, मत धिक्कारो किसी विकलांगों को उड़ने दो उनके विचारों को, महिलाओं ने ठाना है जेंडर आधारित हिंसा को मिटाना है ऐसे स्लोगन के साथ जन जन तक संदेश पहुंचाने का काम कर रही है। स्वाभिमान संस्था के सभी सदस्य और ग्रामीण महिला किशोरी ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मौके पर सुषमा देवी भुनेश्वरी देवी माला देवी लक्ष्मी देवी दीपाली कुमारी अंजली कुमारी आशा कुमारी और विद्यालय के छात्राएं उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंगाबाद के सामने से हुई मोटरसाइकिल चोरी

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंगाबाद के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को उच्चके चोरों ने टपा लिया। घटना बुधवार की है बताया जाता है महुआर टोला हुंडरदतवा निवासी बद्री प्रसाद बर्मा इलाज कराने को लेकर बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था बाइक खड़ी कर अस्पताल के अंदर गया जैसे ही अस्पताल से बाहर निकला तो बाइक गायब पाया ।हालांकि इधर-उधर खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला अंततः बेंगाबाद थाना को इसकी जानकारी दे दी गई है बता दें कि इन दिनों मोटरसाइकिल चोर का तांडव परवान पर चढ़ा हुआ है हालांकि बेंगाबाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अरारी-आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच बांटा गया स्वेटर



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र अरारी पंचायत में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा के द्वारा अरारी आंगनबाड़ी और सिरमाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच गरम कपड़ा (स्वेटर) का वितरण किया गया। इस बीच मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने सेविकाओं को सख्त निर्देश दिया कि बच्चों के पोषाहार और पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे, क्योंकि बच्चों को पहला ज्ञान मां के बाद आंगनबाड़ी से हीं मिलता है। मौके पर अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, वार्ड सदस्य सुखदेव बैठा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जागेश्वर दास, आंगनबाड़ी सेविका कंचन देवी, शिवरानी कुमारी के अलावे दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाऐ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 27 दिसम्बर को मनाया जाएगा शहिद अल्बर्ट एक्का का जयंती



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति झारखंड के माध्यम से आगामी 27 दिसंबर को गुमला में वीर शहीद परमवीर चक्र से सम्मानित शहिद अल्बर्ट एक्का जी के जन्म अवसर पर आयोजन हो रही भव्य कार्यक्रम की जानकारी आम जनों तक साझा करने के उद्देश्य से गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद प्रखंड में एक प्रेस वार्ता जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी के नेतृत्व में की गई। इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्य रूप से परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का जी के पुत्र भीनसेंट एक्का जी, अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के अध्यक्ष दिलीप बड़ाइक , मुख्य संरक्षक स्वामी दिव्यज्ञान का आगमन गिरिडीह जिला में हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह एवं आमंत्रण किया गया की 27 दिसंबर को आयोजित हो रहे उनके जन्म उत्सव में उपस्थित होकर झारखंड के गौरव शाहिद अल्बर्ट एक्का को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेंगाबाद प्रखंड के जेस्ट श्रेष्ट सामाजिक कार्यकर्ता गण सेवा निर्मित शिक्षक गण सेवा निर्मित सैनिक गण एवं विभिन्न समाजों के अध्यक्ष गण के साथ-साथ जनप्रतिनिधि गण की उपस्थित रहे सबों ने एकजुट होकर हमारे देश के वीर शहीदों को नमन किया एवं उनके प्रति उनके परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## फसल प्रदर्शनी दिवस पर हुई किसान गोष्ठी का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अग्रणी बीज कंपनी पायोनियर द्वारा बेंगाबाद प्रखंड के गमतरिया में गुरुवार को फसल कटाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पायोनियर की 27P37 धान और अन्य धान को तुलनात्मक तरीके से 25 वर्ग मीटर कटाई करके किसानों को दिखाया गया जिसमे 27P37 धान 25 वर्ग मीटर में 21 kg.आया और अन्य धान 25 वर्ग मीटर में 16 किलो ।

# धनबाद : 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को किया सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर आज जिले के 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके घर पर जाकर सम्मानित किया गया।

इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों के वरिष्ठ मतदाताओं को उनके द्वारा लोकतंत्र में हिस्सेदारी निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के एवं दिव्यांगजनों के निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग के लिए भी विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान हाउस टू हाउस जाकर एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ ने मतदाता सूची में पूर्व से पंजीकृत उक्त श्रेणी के मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन किया तथा छूटे हुए पात्र नागरिकों का निबंधन किया।

धनबाद जिले में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 20049 मतदाता इनरोल्ड है।

## गिरिडीह : मुख्यमंत्री आगमन को लेकर विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर तैयारियां का ज्याज लिया गया। गुरुवार को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल झंडा मैदान का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने अपने सहयोगियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में साफ़ सफ़ाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की बाते कही गई।यातायात व्यवस्था पर भी इन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक के साथ यहां एसडीओ विशाल दीप खलको, एसडीपीओ अनिल सिंह,नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी, मुफ़स्सिल थाना प्रभारी कमलेश पाशवान समेत कई अधिकारियों और जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निजी जमीन में ईंटा बनाने से मना करने पर लाठी से मारकर किया लहुलूहान, धनबाद रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** दक्षिणी टुंडी के कर्माटांड़ ,केशका निवासी जाकिर हुसैन पिता स्वर्गीय कुवैत मियां उम्र 65 वर्ष आज गुरुवार पहले सुबह अपने खेतों की ओर जा रहे थे तभी देखा कि तैयब अंसारी पिता स्वर्गीय कुवत मियां जबरन उनके निजी जमीन पर ईंटा बना रहा था तभी मना करने पर अचानक तैयब अंसारी, पिता स्वर्गीय कुवत मियां ,इबरार अंसारी पिता तैयब अंसारी ,छमिया बीवी पति तैयब अंसारी, के अलावा पप्पू उर्फ इब्राहिम ने जाकिर हुसैन एवं उनकी बेगम साहिबा हसीना बीबी को लाठी एवं डंडों से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया आनन फानन में घायलों को टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद माथे में अत्यधिक चोट रहने के कारण दोनों को पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया फिलहाल टुंडी थाना में इन लोगों के खिलाफ आवेदन दे दिया गया है। टुंडी पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर है ।

## सोनामनी किस्कु को ऑन द स्पॉट मिली पेंशन की स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज गोविंदपुर प्रखंड के बरवापूर्व की रहने वाली सोनामनी किस्कु को ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति मिली।

उन्होंने बताया कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तब उन्होंने आज सुबह शिविर में पहुंचकर पेंशन के लिए अपना आवेदन समर्पित किया। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चंद घंटे में उनका आवेदन स्वीकार हो गया।

बरवापूर्व की मुखिया गुलाबी मंडल एवं अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। पेंशन स्वीकृति का प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस राशि से उनकी कई आवश्यक जरुरतें पूरी होगी।



# कोहरे के कारण संरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से दिनांक 01.12.2023 से 29.02.2024 तक कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द/आंशिक रूप से रद्द तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

(क) पूर्णतः रद्द ट्रेनें (Trains fully cancelled) -

1. गाड़ी सं. 24198 वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-कोलकाता एक्स. - 02.12.23 से 23.02.24 तक
2. गाड़ी सं. 24197 कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) एक्स. - 03.12.23 से 25.02.24 तक
3. गाड़ी सं. 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 04.12.23 से 28.02.24 तक
4. गाड़ी सं. 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस - 04.12.23 से 28.02.24 तक
5. गाड़ी सं. 14618 अमृतसर-बनमनखी जनसेवा एक्सप्रेस - 01.12.23 से 29.02.24 तक
6. गाड़ी सं. 14617 बनमनखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस - 03.12.23 से 02.03.24 तक
7. गाड़ी सं. 14524 अम्बाला-बरौनी हरिहर एक्सप्रेस - 02.12.23 से 27.02.24 तक
8. गाड़ी सं. 14523 बरौनी-अम्बाला हरिहर एक्सप्रेस - 04.12.23 से 29.02.24 तक
9. गाड़ी सं. 14006 आनंद विहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्स. - 01.12.23 से 29.02.24 तक
10. गाड़ी सं. 14005 सीतामढ़ी-आनंद विहार लिच्छवी एक्स. - 03.12.23 से 02.03.24 तक
11. गाड़ी सं. 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस - 05.12.23 से 27.02.24 तक
12. गाड़ी सं. 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस - 07.12.23 से 29.02.24 तक
13. गाड़ी सं. 14004 नई दिल्ली-मालदा टाउन एक्सप्रेस - 03.12.23 से 29.02.24 तक
14. गाड़ी सं. 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस - 05.12.23 से 02.03.24 तक
15. गाड़ी सं. 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस - 04.12.23 से 28.02.24 तक।

## श्रम विभाग द्वारा लाभुकों को लाभ सहित दी गई कई अहम जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर मे आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे श्रम विभाग द्वारा लगाये गए शिविर का नेतृत्व कर रहे श्रमिक मित्र लक्ष्मण कुमार शर्मा ने श्रम विभाग की कई जन कल्याणकारी योजना से लोगों को अवगत कराया। उन्होने सामान्य रूप से बने कई असंगठित मजदूर निबंधन कार्ड को ऑनलाइन मे ट्रांसफर कर लाभुकों के सुपुर्द किया। मौके पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद सहित अन्य मौजुद थे।

## राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापकों को मिले वेतनमान : पूर्णिमा नीरज सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड में विगत 20 वर्षो से कार्यरत 62000 सहायक अध्यापकों का वेतनमान व आगामी राज्य स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन की सूचना झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे ने गुरुवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के आवास में मिलकर अवगत कराया जिसमें विधायक द्वारा मोर्चा के राज्य सदस्य को भरोसा दिलाया की राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान मिले, मैं भी पक्षधर हूं। आप लोगों ने वेतनमान को लेकर बहुत लंबी लड़ाई लड़ी है। निश्चित रूप से आगामी शीतकालीन सत्र में सहायक अध्यापकों को वेतनमान मिले इसकी आवाज बुलंद करूंगी, सहायक अध्यापक धैर्य बनाकर रखें। निश्चित रूप से आप लोगों की वेतनमान की मांग को वर्तमान सरकार पूरा करेगी।

## महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती सर जेसी बोस में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को महान वैज्ञानिक तथ्य की खोज करने वाले और पूरी दुनिया के धरातल पर लाने वाले महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। वही सबसे पहले विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा वरीय शिक्षिका पपिया सरकार संध्या संथालिया और मोहम्मद अख्तर अंसारी ने उनकी तस्वीर के सामने दीया जलाकर और श्रद्धा के सुमन अर्पित कर इन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संचालित करते हुए शिक्षक राकेश कुमार ने सर जे सी बॉस का परिचय कराया उसके बाद विद्यालय की छात्रा प्रज्ञा कुमारी ने सर जे सी बोस की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके महान व्यक्तित्व के बारे में विद्यालय परिवार को अवगत कराया। वहीं दूसरी तरफ छात्रा श्रेया पांडे ने अंग्रेजी में इस महान वैज्ञानिक की कृतियों को ,उनकी उपलब्धियां को जिससे आज विश्व गौरवान्वित है और वैज्ञानिक जगत में गिरिडीह के साथ-साथ इस महान वैज्ञानिक के स्मृति अंकित है । प्राचार्या श्री कुशवाहा ने कहा ऐसे वैज्ञानिक जिन्होंने यह बताया की मानव की भांति पेड़ पौधे भी सोते हैं रोते हैं और महसूस करते हैं ऐसे दिव्य पुरुष की धरती गिरिडीह में निश्चित रूप से उनके नाम के बड़े शिक्षण संस्थान की आवश्यकता है।




## बीसीसीएल प्रबंधक यदि तालाब को काट कर परियोजना का विस्तार करती हैं तो होगा चक्का जाम : हलधर महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** विस्थापित संघर्ष मोर्चा केशलपुर ,कुमार टोला में ग्रामीणों की समस्या को लेकर आम सभा हुई आमसभा को मुख्य वक्ता मासस के केंदीय महासचिव हलधर महतो थे कहां की बीसीसीएल प्रबंधन गैरकानूनी ढंग से सार्वजनिक तालाब को हटाने की प्रयास कर रहे हैं गरीबों का मिट्टी एवं पानी जीने के साधन है यह लोग मिट्टी का काम करके ही अपना जीवन यापन करते हैं बीसीसीएल प्रबंधन उनके पेट पर लात मारने का काम कर रहे हैं जिसका विरोध हम लोग करेंगे बीसीसीएल प्रबंधन बोटु बाबू बांग्ला का जो गैराबाद भूमि पर थे उसकी जमीन का किस आधार पर सेटलमेंट किया जबकि झारखंड सरकार 2013 से रसीद काटना बंद कर दिया है फिर भी उनके जमीन का सेटलमेंट करके मुआवजा एवं नौकरी भी गैर बांश वाली को नोकरी देना बीसीसीएल नियम के विरोध है इसलिए उच्च स्तरीय जांच सीबीआई चार्ज का मांग करते हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री से निवेदन करते हैं इस जमीन का जांच कर उचित कार्रवाई करें बीसीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परियोजना को विस्तार करने के लिए तालाब का कटाई करेंगे तो ग्रामीण परियोजना का विस्तार रोक देंगे चक्का जाम कर देंगे एक छटा कोयला भी जाने नहीं देंगे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के जाताखूंटी पंचायत सचिवालय में कल आयोजित होने वाला आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं जाताखूंटी पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम ने संवाददाता को बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर कुल 24 स्टालों का विधिवत निर्माण कार्य कराया गया है एवं इस शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए पानी, बिजली समेत कई तरह की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। तथा सभी आवेदनों पर विशेष फोकस किया जाएगा एवं कई योजनाओं की स्वीकृति ऑन द स्पॉट किया जाएगा एवं इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में टुंडी विधायक, टुंडी प्रमुख, जिला परिषद सदस्या, रोजगार सेवक, अंचल सह प्रखंड कर्मी समेत कई गणमान्य लोगों का आगमन को लेकर ठोस व्यवस्थाएं की गई हैं।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत बड़की सरिया नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व नगर प्रबंधक विशाल कुमार सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 तथा वार्ड नंबर 12 चंद्रमणि तथा मंधनिया के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित लगभग ढाई सौ आवेदन जमा किए। इस संबंध में नगर प्रबंधक श्री सिन्हा ने बताया कि उन आवेदनों में गुरु जी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले क्रेडिट कार्ड, जमीन से संबंधित आवेदन, आयुष्मान कार्ड, अबुआ आवास योजना राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जिन्हें संबंधित विभागों में जमा कर इसका लाभ दिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत गरीब असहाय वृद्ध जनों के बीच 150 कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर विशाल सिन्हा, शशि प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि रंजन वर्मा, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, अनिता देवी, अंजू देवी, मणिलाल सोरेन, संजय मण्डल, गोपाल वर्मा आदि मौजूद थे।

बच्चों को अच्छे संस्कार देने के साथ साथ सभ्य समाज का निर्माण करते हैं दादा-दादी, नाना-नानी : भूषण बाड़ा

# केन्द्रीय विद्यालय सिमडेगा में धूमधाम से मना दादा-दादी, नाना-नानी दिवस, विधायक भूषण बाड़ा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सभ्य समाज का निर्माण करते है। हमारे बच्चों को अच्छी संस्कार देते हैं। बच्चे अपने दादा-दादी, नाना-नानी के साथ समय बिताएं। सभ्य समाज में परिवार की व्याख्या हम दो हमारे दो तक सीमित नहीं रहती। बल्कि दादा-दादी परिवार के मुखिया होते हैं। विधायक केन्द्रीय विद्यालय सिमडेगा में गुरुवार को आयोजित दादा-दादी, नाना-नानी दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत के साथ ही भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति से खूब तालियां बंटोरी। मौके पर विधायक ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय एवं बच्चों से बुजुर्गों को



जोड़ने के लिए सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बुजुर्गों के प्रति सम्मान के भाव को नैतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सही मायने में दादा-दादी और नाना-नानी समाज के प्राण हैं। हमारे दादा-दादी, नाना-नानी बोझ नहीं, समाज के अनुभवी स्तंभ हैं। ये समाज की अमूल्य विरासत हैं। बदलते समय में उन्हें यह एहसास कराने की जरूरत होती है कि वे हमारे लिए खास हैं। जब दादा-दादी, नाना-नानी को अहमियत दी जाती है तो पारिवारिक और सामाजिक संगठन मजबूत होता है। रिश्ते प्रगाढ़ होते हैं और समाज का ढांचा चरमराने से बचता है। विधायक ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी हमारे फलदार वृक्ष के समान होते हैं। उनका अनुभव नई पीढ़ी को मार्गदर्शित करता है। जैसे वृक्ष जब बड़ा होता है तो वह अधिक फलदायी होता है। उसी प्रकार इनका अनुभव फलदार वृक्ष की तरह है। समाज और परिवार के लोगों को यह ख्याल रखना चाहिए कि ये फलदार वृक्ष कभी सूखें नहीं। नई पीढ़ी को चाहिए कि उन्हें प्रेम-स्नेह के रूप में खाद पानी देकर उनके अनुभव से लाभ उठाएं। दादा-दादी, नाना-नानी के आचरण से समाज के बच्चे काफी कुछ सीखते हैं। ऐसे में उन्हें विरासत के रूप में संभाल कर रखना चाहिए। मौके पर प्रधानाध्यापिका प्रफुलित लकड़ा ने स्वागत भाषण दिया। साथ ही विधायक सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, नगर विधायक प्रतिनिधि मो.शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि मो. अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का आदि उपस्थित थे।

# संघ ने मोतीलाल अग्रवाल को मेडिक्लेम की राशि का सौंपा चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन के निर्देशानुसार जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल अग्रवालजी नोटरी जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं उन्हें मेडिक्लेम की राशि का चेक सौंपते उनके आवास में जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अम्रेन्द्र सिंह एंव प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव उसके उपरांत वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजकिशोर साहु नोटरी जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं उनसे भी जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिला जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, महासचिव लाल दीपक नाथ साहदेव, उपाध्यक्ष अमरिंदर सिंह, प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव, पवन कुमार, अजय लकड़ा, राधाकृष्ण शर्मा, विक्रम कुमार, विपिन बिहारी दुबे, विनय साहू इत्यादि शामिल थे।

# एक साथ तीन ट्रांसफार्मर चोरी होने से किसानो की बढ़ी परेशानी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर थाना क्षेत्र की है, जहां लगातार ट्रांसफार्मर चोरी होने की घटना थम नहीं रहा है, जिसको लेकर सदर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रहा है, बुधवार रात ग्राम पंचायत अरकोसा में लगे 16 केवी की 3 ट्रांसफार्मर की चोरी चोरो द्वारा कर लिया गया, जिस मामले में अरकोसा ग्रामीण काफी नाराज है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन ही ट्रांसफार्मर लगे थे, जिसको बुधवार रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है, इस कारण पूरे गांव में अंधेरा छा गया है, इस तरह से ट्रांसफार्मर चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी और आक्रोश भी देखा जा रहा है।विगत कुछ समय पहले ग्राम बाघा में एक ट्रांसफार्मर तथा मुंदो में दो ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली गई थी, क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी होने की यह तीसरी घटना है,इस मामले में लिखित आवेदन के बावजूद भी अभी तक विभाग द्वारा कोई भी छानबीन या कार्रवाई नहीं की गई है जिस कारण से भी लोग विभाग से भी काफी नाराज लग रहे हैं। बताते चले की ग्राम अरकोसा में ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद पूरा गांव अंधेरे में जीने को मजबूर हो गया है, इस मामले में किसानों ने होने वाले फसल बर्बादी को लेकर काफी चिंता जताई है।

# नगर परिषद द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत विज्ञान भवन, मैना बगीचा वार्ड संख्या 07 लोहरदगा में शिविर/ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से LRDC, प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा की अगुवाई में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन वार्ड संख्या 07 एवं 08 के लिए किया गया। शिविर में विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए तथा 80 जरुरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। उक्त शिविर में लेखा पदाधिकारी, सभी नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# ग्राम सभा बैठक में हक और अधिकारों की दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत तुरुपडेगा में ग्राम सभा अध्यक्ष जुनाथन हेमरोम की अध्यक्षता में लीड्स संस्था द्वारा ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, पीएम आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि और आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर योजनाओं से जुड़ने की प्रकिया को बताया और अपने हक अधिकारों के लिए आगे आकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में शामिल महिला समूहों को सदस्यों को महिला अधिकार के प्रति जागरूक कर समूह से ऋण लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और सम्मानजनक जिंदगी जीने के लिए कहा। उन्होंने



कहा की आज के समय में पैसा है तो आप बड़ी से बड़ी मुसीबतों का सामना कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर खेती बाड़ी और पशुपालन पर ज्यादा जोर देने की बात कही। उन्होंने ग्राम सभा को सशक्त करने और आठ स्थाई समिति पर भी चर्चा किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह के 5 तारिक को गांव में ग्राम सभा का बैठक आयोजित किया जायेगा। बैठक में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कुलदीप सुरीन, गुरुपद सिंह, ग्राम सभा सचिव मनभरण सिंह, गोपाल सिंह, महेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य बिनीता लुगुन, पारा शिक्षक समसोन लुगुन, जल सहिया सुखमती देवी, सेविका सुबानी तोपनो आदि उपस्थित थे।

# जलडेगा में ऐतिहासिक रास मेला का आयोजन, लाखों की संख्या में जुटी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड मुख्यालय हाई स्कूल मैदान में नवयुवक संघ, मोटिया संघ एवं रास मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राधा कृष्ण रास मेला मंगलवार रात्रि आयोजन किया गया। आयोजन पुर्व पारम्परिक तरिके से ग्राम पहान, गंझू जमींनदार हेमशरण सिंह, ढोलो सिंह, के द्वारा भगवान इंद्र व इंद खुटकटी और राधा कृष्ण की प्रतिमा में विधिवत पुजन कर किया गया। ठेट एवं आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगमंच का प्रखण्ड प्रशासनिक अधिकारी सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी हिरालाल महतो, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा और प्रमुख जुसाफ लुगून, जीप सदस्य



रोजालिया शान्ता कन्डुलना, मुखिया शिशिर डांग, उप प्रमुख सत्यभामा, राजेश अग्रवाल, महाप्रसाद सिंह, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों का आयोजन समिति सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सीओ मधुश्री मिश्रा ने मेला को संबोधित करते हुए कहा हमारी परम्परा, वेशभूषा, संस्कृति ही हमारी पहचान है, जलडेगा रास मेला इसकी प्रत्यक्ष उदाहरण है कहा रास मेला पुर्वजों की धरोहर है इसको संजोए रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा रास मेला जिले की दुसरी सबसे बड़ी मेला मेला है इसे विकसित करना और संभालना हम सभी की जिम्मेवारी है। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा शांतिपूर्ण मेला का आनंद लें जलडेगा रास मेला सभी दृष्टिकोण से अपने आप में एक अच्छी छवि रखती है। मंच संचालक सुभाष

# जनप्रतिनिधियों का किया जा रहा है अपमान : कमलेश कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद की ओर से आज आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मैना बगीचा, विज्ञान भवन में वार्ड नंबर 7 एवं 8 की जनता के लिए कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं नगर परिषद से जुड़े हुए सभी कार्यों के लिए स्टॉल लगाए गए थे और कंबल वितरण का भी कार्यक्रम किया गया था, किंतु दुख की बात है इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षदों का आमंत्रित तक नहीं किया गया, जबकि अभी तक नगर परिषद का नया चुनाव नहीं हुआ है तब तक ये पार्षदगण निवर्तमान पार्षद कहलाएंगे, ना कि पूर्व पार्षद उसके बावजूद वार्ड प्रभारी के द्वारा वार्ड नंबर 7 के पार्षद कमलेश कुमार जी को खबर दिया गया कि आपके वार्ड में कार्यक्रम है,उसके बाद वार्ड नंबर 7 के निवर्तमान पार्षद कमलेश कुमार जो कि जिला योजना समिति के सदस्य सह नगरीय विकास उप समिति के भी सदस्य है वे कार्यक्रम स्थल में पहुंचे किंतु कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहने के बाद भी किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इनको मान सम्मान नहीं दिया गया, ना ही कंबल वितरण में इनको बुलाया गया, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि लोहरदगा नगर क्षेत्र में अफसर शाही हावी है और चुने हुए प्रतिनिधियों का ये लोग अपमान करने पर तुले हुए हैं। इस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।

# खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 34 वें प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शिशु वर्ग में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ने ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ धाविका बनी दिव्या उरांव। विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित 34 वें प्रांतीय खेलकूद समारोह दिनांक 28-11-2023 से 30-11-2023 तक बाघमारा में संपन्न हुआ जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरे प्रांत में लोहरदगा जिला का नाम रोशन किया है। निम्नलिखित प्रतिस्पर्धाओं में भैया बहनों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए स्थान प्राप्त किया। बहन दिव्या उरांव 100 मी फर्राटा दौड़ में प्रथम स्थान, 200 मीटर में बहन अमृता तिर्की ने द्वितीय स्थान एवं 400 मीटर में बहन तृषा जयसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में आरुषि पन्ना प्रथम स्थान,लंबी कूद में दिव्या उराव द्वितीय स्थान तथा भैया एथलेटिक्स में ऊंची कूद में कमलेश उरांव तृतीय स्थान तथा समूह खेल खो-खो में बहनों एवं भैया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह विगत 18 वर्षो से चैंपियनशिप खो-खो में विद्यालय को प्राप्त होता आ रहा है। क्षेत्रीय सचिव श्रीमान नकुल शर्मा,प्रदेश सचिव श्रीमान अजय कुमार तिवारी तथा क्षेत्रीय खेल प्रमुख श्रीमान सुरेश मंडल द्वारा विजई प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बाघमारा में आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता भैया बहनों ने लोहरदगा जनपद का मान बढ़ाया है।

# बीडीओ ने बीएलओ के साथ बैठक कर कार्यो का किया समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 नवंबर गुरूवार को कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्र के बीएलओ के साथ बैठक कर बीएलओ के द्वारा डोर-टु-डोर किये जा रहे कार्यो का मतदान केंद्र वार समीक्षा किया वही अपूर्ण कार्यो को निर्धारित समय तक पुर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक मे बीडीओ श्री महतो ने सभी बीएलओ से कहा कि आज 30 नवंबर रात तक फार्म 06 के कार्यो का हर हाल मे गरुड़ा एप पर किये गए कार्य का डाऊनलोड करना चाहेंगे,वही फार्म 07,फार्म 08 से संबधीत कार्य हर हाल मे आगामी 04 दिसंबर तक पुर्ण कर ली जाये। बैठक मे बीडीओ ने सभी बीएलओ के कार्य से संबंधित और भी आवश्यक निर्देश देते हुए समयावधि तक कार्यपुर्ण करने का निर्देश दिये। इस अवसर प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर राजीव कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, सुचित्रा लक्ड़ा, नसीमा खातून, वसन्ती कुमारी, शोभा उराँव, बबिता कुजुर, मीरा देवी, प्रतिमा तिग्गा, मरियम केरकेट्टा, कौशर जहाँ, मनोरमा लकड़ा इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

# सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण जनता : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत स्थित भट्ठा के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, जिला नोडल पदाधिकारी सुधीर मुरमु, प्रशिक्षु उप समाहर्ता विजय रंजन तिर्की, कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया शोभा देवी, बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ कराया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड कर नवा मंजर संस्था के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बने राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है।

# दशरथ यादव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आज कुडू प्रखंड के बड़कीचांपी पंचायत स्थित कुंदगढ़ा स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम में बड़कीचांपी निवासी दशरथ यादव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। दशरथ ने बताया कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना ने हम किसानों के लिए संजीवनी का काम किया है। खेती बाड़ी में सिंचाई का महत्व सबसे अधिक होता है। पहले सिंचाई के अभाव में कई बार सब्जी की खेती बर्बाद हुई और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। अब आगे इसका फायदा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर दशरथ यादव ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

# कल्याण अस्पताल में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्त परीक्षण सह रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा के सेवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वितपोषित विकाश भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल, बसारडीह लोहरदगा में निःशुल्क नेत्र जांच एवम रक्त परीक्षण सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर में 120 लोगो का निःशुल्क नेत्र जांच एवम रक्त परीक्षण किया गया। साथ ही सभी को आई ड्रॉप एवम आवश्यक औषधियां दी गई एवम सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, एवम हिमोग्लोबिन जांच किया गया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केपूर्व जिला संघ चालक श्री मनोज दास ने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवम सेवा विभाग और विकाश भारती का संयुक्त प्रयास इस शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। जिससे लोहरदगा



लातेहार एवम रांची तीनो जिलों के ग्रामीण जनजातीय एवम सुदुर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस आयोजन में कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा0 एस के सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डा0 अजीत कु0 अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डा0 आस्था सिन्हा, आर एम ओ डा0 पी पी सिन्हा, डा0 चंदन कुमार, एवम झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन, जिला कार्यवाह सचिन किसलय, जिला प्रचारक, दीपक कुमार, मिथुन तमेड़ा, मुकेश साहु, बौद्धिक प्रमुख, देवेंद्र मंडल, फारुख अंसारी, अरुण राम, जमुना साहु, जी एन एम अनिता केरकेट, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, फार्मासिस्ट वरुण सिंह, ननकी देवी, सीता देवी, दिलेश लोहरा, चंद्रकिशोर टाना भगत, ए एन एम यशिका तिग्गा, प्रेमिका कुजूर, आदि का सराहनीय योगदान रहा। आगामी दो दिसंबर को कल्याण अस्पताल बासरडीह में पथरी, प्रोस्टेट, कैंसर एवम मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 शैलेंद्र मोहन शुक्ला, हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ डा0 विवेक मधुर, एवम स्त्री रोग विशेषज्ञ, जेनरल सर्जन डा0 नेहा ज्योति मधुर के द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श जांच एवम औषधियो का वितरण किया जाएगा।

# पीएम के विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाईव प्रसारण सभी 06 पंचायत मुख्यालयों में सुना गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 नवंबर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय कैरो समेत सभी पंचायत मुख्यालयों मे 11 बजे पूर्वाह्न से कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, पंचायत सचिव गुहा उराँव, राजस्व कर्मचारी दीपक कुजुर, जेएसएलपीएस के बीपीएम विनीता तिर्की, मनरेगा कर्मी अमित कुमार, इत्यादि आम ग्रामीणों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाईव प्रसारण एलईडी पर सुना। उक्त लाईव प्रसारण के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रदेश अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड इत्यादि प्रदेशो के ग्रामीणों से जुड़कर केंद्र सरकार के क्रियान्वित योजनाओं एवं उससे मिले लाभ के विषय मे सिधे चर्चा पीएम कर रहे थे जिसे प्रखंड के सभी अधिकारी आम व खास लोग सुन रहे थे। झारखंड के देवघर बाबाधाम निवासी सोना जी ने विकसित भारत



संकल्प यात्रा लाईव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि मुझे पुर्व मे अपनी दवाईयों मे महीना 12-13 हजार रुपये खर्च हो जाते थे, लेकिन जबसे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुले हैं तबसे मुझे मात्र 2 से 3000 तीन हजार रुपये मे ही मुझे औषधि मिल जाती है, इस प्रकार मुझे महिने मे 10,000 दस हजार रुपये की मासिक बचत पीएम जन औषधि केंद्र खुल जाने से मिल रही है, बाबाधाम निवासी सोना जी ने उक्त केंद्र खोले जाने पर पीएम के प्रति आभार जताया। इस प्रकार लाईव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न प्रदेशो से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना इत्यादि योजनाओं से मिलने वाले लाभ को विभिन्न प्रदेशो से लाईव प्रसारण में जुड़े ग्रामीणों ने पीएम को बताया, एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा लाईव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से अपने-अपने गाँव मुहल्ले, टोले को विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लाईव प्रसारण कार्यक्रम सुनने मे उपरोक्त अधिकारियो के अलावा काफी संख्या मे आम व खास लोग प्रखंड के सभी 06 पंचायतो मे उपस्थित थे।

# बड़की चांपि पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के बड़की चाँपि पंचायत में आयोजित किया गया। आज यह कार्यक्रम बड़की चाँपि पंचायत के कुंडगड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में हुई।इस कार्यक्रम में अतिथियो के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस मौके पर जे एस एल पी एस के दीदियों के द्वारा अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, आयुष्मान कार्ड, कंबल वितरण योजना, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्रों, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों का वितरण सहित कई सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास योजना,सावित्रीबाई फुले,आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए।इस मौके पर पूरे पंचायत से सात सौ से अधिक अबुआ आवास योजना का आवेदन जमा किया गया।आज के कार्यक्रम में नुक्कड़-नाटक कला दल के कलाकारों द्वारा डायन प्रथा उन्मूलन, बेटी की शिक्षा समेत अन्य जागरूकता के कार्यक्रम किये गये। इस मौके पर सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर बड़की चाँपि के छात्राओ के द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर छात्राओ को बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी के द्वारा पुरुस्कार देकर समान्नित किया गया।आज के कार्यक्रम में बड़कीचांपी पंचायत में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, जिला नोडल पदाधिकारी अनुरंजन झा एवं प्रमोद कुमार गुप्ता, कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, कुडू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, रोजगार सेवक मो.असदुल्ला, ग्राम प्रधान, एतवा उराँव, अम्बिका भगत, हरिश्चन्द्र उराँव, प्रदान के देवेंद्र कुमार,लक्ष्मी उराँव समेत कईप्रखंड सह अंचल के कर्मी पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।इस मौके पर जिला परिसद अध्यक्ष ने कहे कि सरकार के द्वारा यह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम काफी जनउपयोगी है।

## चलते चलते एक नजर

### केंद्रीय गृह मंत्री से मिले झारखंड के राज्यपाल



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हजारीबाग के बीएसएफ के मेरु कैंप में मुलाकात की। राजभवन के अनुसार यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान राज्यपाल ने गृह मंत्री को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट किए।

### विश्व आपदा सम्मेलनः आपदाओं से जान-माल की क्षति से बचाव के उपायों पर हुआ मंथन

**देहरादून** : छठवां विश्व आपदा कांग्रेस सम्मेलन के तीसरे दिन गुरुवार को देश-विदेश से आए वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने तकरीबन हर तरह की आपदाओं से नुकसान की क्षति से बचाव के उपायों को लेकर मंथन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देर शाम में इस वैश्विक सम्मेलन में पहुंचकर दुनिया भर से आये विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों से मुलाकात की। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के सिल्वर जुबली कनवेंशन सेंटर में आयोजित इस चार दिवसीय विश्व स्तरीय सम्मेलन में आज का प्रथम सत्र में आपदा प्रबंधन पर हिमालय में लचीलापन और सतत विकास के पर वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञ ने विचार व्यक्त किए। वहीं, द्वितीय सत्र में देश के विभिन्न राज्यों, जो कि आपदा ग्रसित होते रहते हैं, को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। साथ ही वैश्विक स्तर तक क्षमता निर्माण के पर विशेषज्ञों ने विशेष रूप से अनुभव और विचार साझा किए। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र भी रखे गए, इनमें क्षमता निर्माण को वैश्विक रणनीति का हिस्सा बताया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि शोध हमारे लिए जितने महत्वपूर्ण हैं और उनका कार्यान्वयन भी उतना ही अहम है। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने विषम हालात में परिस्थितियों से खुद को बचाने, हिमालय क्षेत्र में विकास के महत्व को समझने, एकीकृत तरीके से ग्लेशियर के प्रभाव, उनके विभिन्न पहलुओं को समझ कर कदम उठाने चाहिए, जैसे अहम सवालों के जवाब भी सुझाये। इस महासम्मेलन में आपदाओं से निपटने की तैयारी पहले से करने को क्षति कम करने के लिए बहुत प्रभावी बताया गया। टेक्निकल सत्र में विरासत और जलवायु के लिए नेट शून्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, लचीलापन और तैयारियों पर पैनल चर्चा के साथ ही टर्की, सीरिया, मोरक्को, अफगानिस्तान, नेपाल और हैती के आपदा क्षेत्रों में मियामोटो के अनुभव से सबक लेने, ताप कार्य योजना, मानवीय सहायता और आपदा राहत में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका, पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र में स्थायी प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए जलवायु, लचीली प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन से प्रेरित आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन किया गया।

# स्थापना दिवस समारोह पर बीएसएफ मेरु में केंद्रीय गृह मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीएसएफ कैंप मेरु में आज बीएसएफ का 59वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा । बताते चले की इस स्थापना दिवस को लेकर आज कैंप परिसर में बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी ।

उन्होंने बताया है कि इस स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सम्मिलित होंगे। वहीं समारोह को लेकर बीएसएफ के जवान और अधिकारी एक माह पुर्व से ही सभी तैयारी में जुड़ गए हैं।

आपको बताते चले कि इस स्थापना दिवस समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों में देश की सुरक्षा कर रहे जवानों के द्वारा कल परेड का भी आयोजन किया जाएगा । जिसमें बीएसएफ के जवान हेलीकॉप्टर से अपने कर्तव्यों को दिखाएंगे इसके साथ ही मोटरसाइकिल, घोड़ा स्क्वाड डॉग के अलावा ऊंट को किस प्रकार प्रशिक्षण में शामिल किया जाता है।

बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह रांची हवाई अड्डा पहुंचने के बाद वहां से वह हेलीकॉप्टर द्वारा हजारीबाग के मेरु स्थित बीएसएफ



कैंप शाम 4:14 पर पहुंचे। यहां हेलीपैड पर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे, बीएसएफ के अधिकारियों ने बुके प्रदान कर उनका स्वागत कियाद्य यहां हजारीबाग के भाजपा नेताओं ने भी गृह मंत्री अमित शाह को बुके प्रदान कर स्वागत किया।

बीएसएफ के मेरु स्थित कैंप में गृह मंत्री अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, पूर्व विधायक मनोज यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव,रोशनी तिर्की, अनिल मिश्रा,गणेश यादव,टुन्नू गोप,भैया अभिमन्यु प्रसाद,केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव,देवकी महतो,चंद्रनाथ भाई पटेल,सांवरमल अग्रवाल, बटेश्वर मेहता,उदयभान नारायण सिंह सहित कई नेता मौजूद थे।

### जातिगत जनगणना के लिए समय आने पर विचार करेगी भाजपा साध्वी निरंजन ज्योति

**फतेहपुर** : केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर कहा समय आने पर भाजपा अपनी राय स्पष्ट करेगी। यह बातें केंद्रीय मंत्री असोथर विकास खंड के सुसुवन बुजुर्ग गांव में भारत विकसित यात्रा के दौरान पत्रकार के सवालों के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से छूटे हुए लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने पर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014, 2019 से ज्यादा 2024 में सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी। हमारी सरकार चाहती है कि जिनको योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन लोगों तक सरकार खुद चलकर उनको योजनाओं से लाभान्वित करेगी।

## बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम को लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई अब सात दिसंबर को






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाबा बागेश्वर धाम सरकार के मठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम के मामले में सात दिसंबर को फिर सुनवाई होगी .कार्यक्रम को अनुमति देने संबधित याचिका पर गुरूवार को माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई.आज सुनवाई के दौरान माननीय उच्च न्यायालय ने हनुमंत कथा आयोजन समिति के सचिव प्राथी दीनानाथ प्रसाद को संशोधन पिटीशन दाखिल करने की अनुमति दे दी। जिस पर सुनवाई सात दिसंबर को होगा.मालूम हो कि पूर्व में मेदिनीनगर में 10 से 12 दिसंबर तक बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम को खनवा में कराने की अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने दी थी.जिसे बाद में डीसी शशिरंजन ने रद्द कर दिया है .कार्यक्रम की अनुमति मिलने में हो रहे विलंब के बाद समिति ने न्यायालय की शरण ली है .इस प्रस्तावित कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरूणा शंकर है.

# प्रकृति की ताजगी से लबरेज रखता है सौंदर्य : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगरः** संत मरियम विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यालय के बच्चों को बहुमुखी प्रतिभा के धनी बना कर राष्ट्र की सेवा करने के लायक अभिभावक को सौंपूं। इसी सोच के साथ बच्चों के बीच मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। बच्चों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए अविनाश देव।ने कहा कि आदमी हो या जीव जंतु, वनस्पति हो या प्रकृति, सब सौंदर्य के पुजारी है। आदमी के जिंदगी सौंदर्य के बिना



शुष्क है। इसीलिए सरस एवं तरोताजा बनाए रखने के लिए सौंदर्य अनिवार्य है। रंगोली में दसवीं के जागृति,रोहिणी,जूही,नंदिनी प्रथम, जीया पल्लवी प्रज्ञा अंशु द्वितीय,आयुषी राधा प्रिय मुस्कान तृतीय स्थान लाई। मेहंदी में शिफात पूजा तरुणा ने बाजी मारी। सबों को बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इसी तरह कड़ी मेहनत लगन से अपना मुकाम बनाएं और देश के नाम रौशन करें।

# सीएम पहुंचे पलामू, डीसी व एसपी ने किया स्वागत



### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आज भाग लेंगे सीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू पहुंचे। चियांकी हवाई अड्डा पर उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन सहित अन्य ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री को पलामू जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर पहुंचे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री श्री बादल, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी पलामू पहुंचे हैं। जिला प्रशासन की ओर से उनका भी स्वागत किया गया। विदित हो कि मुख्यमंत्री, झारखंड हेमंत सोरेन 1 दिसंबर 2023 को पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे। विभिन्न विभागों की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में पलामू जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है।

### पलामू जिला के सरकारी कर्मियों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए सीएम का जताया आभार

**मेदिनीनगर** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पलामू जिला के विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मियों ने मुलाकात कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए आभार जताया।उन्होंने मुख्यमंत्री से एनपीएस में जमा राशि वापस करने की दिशा में पहल करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही हम अपने कार्यों को सही दिशा दे पा रहे हैं। अगर सरकार आपके लिए कार्य कर रही है तो आपका भी दायित्व बनता है कि कि आप उन लोगों के लिए काम करें, जिन्हें इनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में फ्र आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वारफ्र कार्यक्रम चल रहा है।सभी पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इतने वृहत पैमाने पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की सफलता में आपका अहम योगदान होगा। गरीबों और जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाएं पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि आप पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करें। हम सभी मिलकर इस राज्य को एक बेहतर राज्य बना सकते हैं। इस मौके पर मंत्री श्री बादल और श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे।



### रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल से देश की तटीय सुरक्षा मजबूत बनाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से देश की तटीय सुरक्षा और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में पूरे समर्पण और पेशेवर अंदाज के साथ लगातार काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने नई दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए खोज, बचाव और प्रदूषण प्रतिक्रिया के क्षेत्र में अग्रणी रहकर समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि आईसीजी ने अपनी स्थापना के बाद से सभी परिस्थितियों में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में उनकी महत्वपूर्ण सेवा की है। उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# महिला की हत्या के दोषी पति-पत्नी को उम्रकैद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने ओरमांझी से तीन जनवरी, 2021 को सिर कटा शव बरामदगी मामले में (महिला हत्याकांड) में दोषी करार दम्पति शेख बेलाल और अफसाना खातून उर्फ साबो खातून को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि इन दोनों दोषियों को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा।इससे पूर्व अदालत ने दोनों को हत्या के आरोप में 25 नवम्बर को दोषी ठहराया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 19 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। दोनों ने तीन जनवरी, 2021 को साजिश रचकर चान्हो निवासी महिला सोफिया परवीन की हत्या कर दी थी। घटना को लेकर




ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह हत्या अवैध संबंध में पहली पत्नी साबो खातून को तलाक देने के दबाव में की गयी थी।

दोषियों ने धारदार दाउली से गला रेतकर सोफिया का सिर धड़ से अलग कर दिया था। महिला का सिर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे बस्ती स्थित खेत में दफना दिया गया था। पुलिस ने 12 जनवरी, 2021 को अनुसंधान के दौरान शव बरामद किया था। घटना के 12वें दिन पुलिस ने पहले साबो खातून को गिरफ्तार किया था। इसके बाद शेख बेलाल को सिकिदिरी से गिरफ्तार किया था। दोनों 15 जनवरी, 2021 से लगातार जेल में ही हैं। पुलिस ने शव का सिर खोजने वाले को पांच लाख रुपये इनाम देने की घोषणा भी की थी। चान्हो के चटवल निवासी ने मृतका को बेटी बतलाया था। इसके बाद माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया। तब जाकर इसकी पुष्टि हुई थी। सोफिया पति को छोड़कर शेख बेलाल के साथ रह रही थी। दोनों में अवैध संबंध था। सोफिया बेलाल की पत्नी बनना चाह रही थी। इसके लिए पहली पत्नी को तलाक देने का लगातार दबाव बनाने लगी। बेलाल के घर में सोफिया एवं उसकी पत्नी के बीच बराबर टकराव होता रहता था। शेख बेलाल ने सोफिया को रास्ते से हटाने की ठानी और जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी।

## दीदी नीलम स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुड़गाई ओरमाँझी में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन चार मैच खेला गया दो सेमीफ़ाइनल फ़ाइनल और बालिकाओं का एक फुटबॉल मैच खेला गया।जिसमें मुख्य अतिथि अर्चित आनंद, उद्घाटनकर्ता बरखा आनंद, अतिथि के रूप में सरिता देवी, शिव विश्वकर्मा, सोमेन्द्र, राजेश, इन्द्रभूषण,रणधीर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। विजेताओं को पुरस्कार अर्चित आनंद(मुख्य सलाहकार) शिव शिष्य परिवार एवं बरखा आनंद,अध्यक्ष, शिव शिष्य हरीद्रानन्द(फ़ाउंडेशन) ने संयुक्त रूप से दिया। इस अवसर पर श्री अर्चित ने कहा कि खेल और खिलाड़ी दोनों के विकास के लिए मैं सदैव उपलब्ध हूँ।हर इंसान के अंदर एक खिलाड़ी रहता है जरूरत है उसको जागरूक कर निखारने की।बालिकाओं की टीम को श्री अर्चित ने अपनी तरफ से नगद पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान यह प्रतियोगिता आयोजित थी। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता हुई। ब्रांड जंगल,ओरमांझी का दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 में युवा पावर फुटबॉल क्लब ,गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का ग्रुप॰ का सेमी फाइनल मैच भुमित 11 भेलवाटोली बनाम डायमंड फुटबॉल क्लब रांची के बीच खेला गया जिसमें भूमित 11 भेलवाटोली 2-0 विजय रही एवं ग्रुप क्रका ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम छ्ड्ड्झह्यह्य गुडू बीच खेला गया। जिसमें ब्राण्ड जंगल ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से विजय हुई। फाइनल मैच के पूर्व ओरमांझी मुखिया दीपक बा?ईक,पाँचा मुखिया सुफल महली,रामनाथ महतो,ओरमांझी उप मुखिया संतोष गुप्ता ने संयुक्त रुप से मैच का फीता काटकर एवं किक मारकर फाइनल मैच शुभारंभ किया। फाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम ब्रांड जंगल ओरमांझी के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल मैच ब्रांड जंगल(टीम) ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से टूर्नामेंट पर कब्जा किया।विजेता टीम को 31000 नगद ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21000 नगद ट्रॉफी तीसरा और चौथा को 5100 नगद एवं फुटबॉल मैन ऑफ़ द मैच,मैन ऑफ़ द बेस्ट गोलकीपर,सीरीज राइजिंग प्लेयर,बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा ,सेवाराम महतो,रामप्रसाद,धर्मनाथ मुंडा ,मोहन बेदिया,रामदयाल गंझू,आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह,सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक ,उपाध्यक्ष सनी सिंह,उपसचिव जीवनलाल मुंडा,उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह,जयवीर बेदिया,नकुल बेदिया,अजय गंझू ,प्रदीप मुंडा ,दिलीप मुंडा ,नितेश मुंडा ,शंकर मुंडा,सत्य सिंह, भरत मुंडा,नितेश पाहन, प्रीतम सिंह ,विकास मुंडा एवं अन् यसदस्य मौजूद थे।

### हम 70 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में आएंगे : केटीआर

**हैदराबाद :** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्य के मंत्री केटीआर ने विश्वास जताया कि वे 70 से अधिक सीटें जीतेंगे और हैट्रिक बनाएंगे। आज शाम एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ गए हैं। उसके मुताबिक कांग्रेस को 58 से 67 सीटें मिल सकती हैं जबकि बीआरएस को 41- 48 सीटें, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को छह से आठ सीटें और भाजपा को 5 से 10 सीटें मिल सकती हैं। इस एग्जिट पोल के रुझानों को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव (केटीआर) ने खारिज करते हुए कहा कि यह सब बकवास है और असत्य है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि एग्जिट पोल उनके खिलाफ हैं। उन्होंने मतदान के बाद तेलंगाना भवन हैदराबाद में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में यह बात कही।

# सीएम योगी की पहल : गोंडा में निराश्रित गोवंशों को मिलेगा एक नया घर

*** गोवंश सहभागिता योजना के तहत शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति को गोवंश गोद लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित**

**एजेंसी**

**लखनऊ :** निराश्रित गोवंश के पोषण और उनकी देखभाल के लिए समर्पित योगी सरकार ने उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए अब एक और कदम उठाया है। इसके तहत जनपद गोंडा में शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक-एक गोवंश को गोद लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल को जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए नए घर का रास्ता भी साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 12 हजार 42 शस्त्र अनुज्ञापियों को जिला प्रशासन की ओर से कम से



कम एक-एक गोवंश सहभागिता योजना में लेने के निर्देश दिए गए हैं। गोद लेने पर गोवंश के पोषण और देखभाल हेतु पशुपालन विभाग गोद लेने वाले को प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान भी करेगा।

**शास्त्र रखने वालों को किया जाएगा प्रोत्साहितः** डीएम नेहा शर्मा ने सभी एडीएम को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपने सबडिवीजन क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी के माध्यम से सहभागिता योजना में शस्त्र अनुज्ञापियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना स्तर पर शस्त्र अनुज्ञापियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्हें निकटवर्ती गो-आश्रय स्थल से कम से कम एक गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उनके सहयोगी अधिकारी के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में ही अनुज्ञापियों को गोवंश दिलाए जाने की औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

**अधिकतम 4 गोवंश को लिया जा सकता है गोदः** सहभागिता योजना में कोई भी व्यक्ति अधिकतम 4 निराश्रित गोवंश को गोद ले सकता है। इसके एवज में प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान पशुपालन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सहभागिता योजना में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शस्त्र अनुज्ञापियों के लाइसेंस नवीनीकरण पर तथा नए शस्त्र लाइसेंस के आवेदन पत्र पर थाना एवं तहसील स्तर से आख्य प्रेषण के पूर्व आवेदक से सहभागिता योजना में गोवंश लेने संबंधी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया जा सकता है। इससे योजना का व्यापक प्रचार प्रसार होगा तथा अधिक से अधिक लोगों द्वारा भागीदारी करने पर निराश्रित गोवंश की समस्या का प्रभावी समस्या का प्रभावी समाधान हो सकेगा।